✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 16 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 12 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




नयी दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में भाग लेने वाले मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी






### नयी दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में बिहार का दमदार प्रेजेंटेशन

# बिहार को मिले 18 हजार करोड़ : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद् की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के विकास, शिक्षा, कौशल, कृषि, उद्योग, पर्यटन और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में एक सक्रिय भागीदार के रूप में उभर रहा है और समावेशी मानव विकास के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य कि11,529 स्वीकृत सक्षम आंगनबाड़ियों में से 10,579 केंद्रों पर पोषण वाटिकाएं स्थापित की जा चुकी हैं। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 40.28 लाख बच्चों में से करीब 70 प्रतिशत को अपार आईडी जारी की गई है। वहीं 76,202 सरकारी विद्यालयों में से 91 प्रतिशत में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है और 9,000 से अधिक स्मार्ट क्लास संचालित हो रही हैं। पीएम-विश्वकर्मा योजना के तहत 1.18 लाख कारीगरों को प्रशिक्षण दिया गया है। पटना में 640 करोड़ रुपये की लागत से आर्यभट्ट अंतरराष्ट्रीय कौशल हब स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आइएसएसए पायलट परियोजना के लिए 750 करोड़ रुपये, जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय के लिए 1,500 करोड़ रुपये तथा एनएसटीआइ भागलपुर की स्थापना के लिए केंद्र से सहयोग मांगा। राज्य में 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बिहार में आइआइएसइआर और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की क्षेत्रीय शाखा स्थापित



करने का अनुरोध किया। खेल क्षेत्र में बिहार द्वारा एशियन हॉकी चैंपियनशिप, एशियन रग्बी चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के सफल आयोजन का उल्लेख करते हुए 2028 नेशनल यूथ गेम्स, 2030 हॉकी विश्व कप और 2031 राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए केंद्र से सहयोग की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एग्री स्टैक के तहत किसानों को यूनिक आईडी उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'वन स्टेट : वन ग्लोबल डेस्टिनेशन' योजना के तहत गयाजी और बोधगया को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। विष्णुपद कॉरिडोर, महाबोधि कॉरिडोर और राजगीर-नालंदा-बोधगया के एकीकृत विकास पर कार्य चल रहा है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने की मांग भी की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना के तहत 48.30 लाख लखपति दीदियों के साथ बिहार देश में पहले स्थान पर है। साथ ही राज्य में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान का क्षेत्रीय केंद्र और भाव्या योजना के तहत 10 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क आवंटित करने की मांग की गई। पीरपैंती में 2,400 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना का निर्माण जारी है, जबकि लखीसराय के कजरा में देश का सबसे बड़ा बैटरी आधारित सौर ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगभग 10 लाख रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। उद्योग क्षेत्र में 14,037 एकड़ नई औद्योगिक भूमि की स्वीकृति दी गई है। बिहार औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन पैकेज-2025, सेमीकंडक्टर नीति-2026, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर नीति-2026 और बिहार एआई मिशन के माध्यम से नई अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में राज्य ने 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निजी **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

## वज्रपात की चपेट में आने से पिता-पुत्र समेत पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खगड़िया।** जिले में गुरुवार सुबह वज्रपात की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। पौड़ा थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव में खेत में काम करने गए पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग झुलस गए। जानकारी के अनुसार कन्हौली गांव के वार्ड संख्या-6 निवासी आशुतोष यादव, उनके 11 वर्षीय पुत्र अंकेश यादव और विद्यानंद यादव सुबह खेत में भुट्टा छीलने के लिए गए थे। मौसम विभाग की ओर से सुबह ही मोबाइल पर खराब मौसम और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। खेत में काम के दौरान अचानक मौसम खराब हो गया। तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए सभी लोग खेत के पास बनी एक झोपड़ी में जाकर रुक गए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और झोपड़ी उसकी चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वज्रपात इतना तेज था कि आशुतोष यादव, उनके पुत्र अंकेश यादव और विद्यानंद यादव गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग भी झुलस गए, जिनका इलाज कराया जा रहा है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। दूसरी घटना जिले के बेलदौर थाना इलाके के नारदपुर में हुई। यहां खेत में मक्का फसल को ट्रैक्टर पर लोड करने के दौरान मणिलाल महतो आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं इसी थाना इलाके के लवघड़ियां गांव में वज्रपात की चपेट में एक परिवार के तीन लोग आ गए जिसमें जवाहर शर्मा की मौके पर मौत हो गई जबकि मृतक की पत्नी समेत दो महिला झुलसकर घायल हो गई है।

### संक्षिप्त समाचार

## खनुआ नदी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। खनुआ नदी में स्नान करने गए पिता और पुत्र की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतकों की पहचान चौमुखा गांव निवासी लेना मल्लाह और उनके छह वर्षीय पुत्र दिव्यांशु सहनी के रूप में हुई है।

## आइटीआइ भाषा परीक्षा का परिणाम जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बिहार बोर्ड) र्ड ने गुरुवार को औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2026 का परीक्षाफल आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया है। सभी अभ्यर्थी अब अपना परिणाम ऑनलाइन देख और डाउनलोड कर सकते हैं। परिणाम समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देखा जा सकता है।

## पटना की सिटी एसपी दीक्षा ने बिहार को किया बाय-बाय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना की सिटी एसपी (सेंट्रल) दीक्षा बिहार छोड़कर जाने वाली हैं। उनका आईपीएस कैडर बदल गया है। अब वह एजीएमयूटी कैडर में अपनी सेवाएं देंगी। बताया जा रहा है कि पति के लिए दीक्षा यादव ने अपना आईपीएस कैडर बदला है। उन्होंने खुद ही बिहार से एजीएमयूटी कैडर में शिफ्ट करने के लिए आवेदन दिया था। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने उनके अनुरोध पर कैडर बदलने की मंजूरी दे दी है।

## पीएम आवास योजना के लिए 2,365 करोड़ मिले : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए केंद्र सरकार से 1,419 करोड़ रुपये मिले हैं। यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में योजना क्रियान्वयन के मद में जारी की गई है। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि इस राशि के अनुपातिक राज्यांश के रूप में राज्य सरकार ने 946 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इस प्रकार योजना के तहत कुल 2,365 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत बेघर एवं कच्चे आवासों में रहने वाले परिवारों को आवास निर्माण के लिए सहायता राशि दी जाती है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 12,09,271 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी गयी है।



इनमें 11,57,640 लाभुकों को प्रथम किस्त, 9,26,903 लाभुकों को द्वितीय और 5,51,158 को तृतीय किस्त का भुगतान किया गया है। 4,87,171 लाभुकों ने आवास निर्माण का कार्य पूरा भी कर लिया है। उन्होंने कहा कि उक्त राशि से निर्धारित स्तर तक आवास निर्माण पूर्ण करने वाले लाभुकों को लंबित किस्तों का भुगतान किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी गरीब पात्र परिवार आवास विहीन नहीं रहेगा।

## निर्विरोध चुने गए विधान परिषद के सभी उम्मीदवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद की 10 सीटों पर हुए द्विवार्षिक चुनाव और उपचुनाव का परिणाम घोषित हो गया है। सभी 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन आयोग ने सभी प्रत्याशियों को विजयी घोषित कर दिया। इस चुनाव में एनडीए के 9 और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। भाजपा के वरीय नेता संजय मयूख, भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह, शीला पंडित और अनिल ठाकुर, जदयू से निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति, ललन प्रसाद, लोजपा (रामविलास) से अशरफ अंसारी और राजद से सुनील कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। इस चुनाव की सबसे ज्यादा चर्चा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की रही। निशांत कुमार पहली बार बिहार



विधान परिषद पहुंचे हैं। उनके अलावा जदयू की ओर से भारती मेहता, शिवानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद भी निर्वाचित हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह ने भी जीत दर्ज की है। उनके साथ भाजपा के संजय प्रकाश मयूख, अनिल ठाकुर और शीला पंडित भी विधान परिषद पहुंचे हैं। लोजपा (रामविलास) से अशरफ अंसारी और राजद से सुनील सिंह भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सभी निर्वाचित सदस्य विधान परिषद पहुंच अपना सर्टिफिकेट प्राप्त कर रहे हैं। वहीं पवन सिंह अभी लखनऊ में हैं। उनके भाई रितिक सर्टिफिकेट लेने पहुंचे थे। वहीं, जदयू उम्मीदवार निशांत कुमार से जब पत्रकारों ने प्रमाण-पत्र लेने और राजनीतिक भविष्य को लेकर सवाल पूछे तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और सीधे सर्टिफिकेट लेने के लिए आगे बढ़ गए। उनकी चुप्पी चर्चा का विषय बनी रही।

## जलापूर्ति से छूटे परिवारों का होगा सर्वे : मंत्री

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पीएचईडी मंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा है कि बिहार में हर घर नल का जल योजना से छूटे सभी परिवारों का सरकार सर्वे कराएगी ताकि ऐसे सभी परिवारों को इस योजना से जोड़ा जा सके। गुरुवार को विभागीय सभागार में प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि कुछ जिलों में ऐसे क्षेत्र हैं, जहां भूजल संकट प्रति वर्ष गहरा जाता है। उन सभी इलाकों को सतही जलापूर्ति योजना से जोड़ा जाएगा। बुधवार को नई दिल्ली में जल जीवन मिशन 2.0 के तहत जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा बिहार सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत 18,894 करोड़ रुपये मांगे गए हैं ताकि हर परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंच सके। प्रधान सचिव राजेश कुमार ने कहा कि हर घर नल का जल योजना के तहत 70 हजार अनुरक्षकों को पंचायत सचिव के स्तर से मानदेय भुगतान होगा।

## 8054 राजस्व कर्मचारियों की होगी बहाली : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में 17 जून तक राजस्व महाअभियान चलाया जाएगा। इस बीच मंत्री दिलीप जायसवाल ने 8054 राजस्व कर्मचारियों की बहाली का ऐलान कर दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने राज्य में राजस्व कर्मचारियों के कमी होने की बात कही। मंत्री दिलीप जायसवाल ने बातचीत के दौरान यह भी बताया कि राज्य में राजस्व कर्मचारियों की कमी की वजह से कई सारे काम पेंडिंग हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए राजस्व कर्मचारियों की बहाली का ऐलान किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से रोस्टर क्लियरेंस कराकर 15 जून के बाद वैकेंसी निकाली जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि डाटा एंट्री ऑपरेटर कम क्लर्क की वैकेंसी भी 10 से 15 दिनों में भेजी जाएगी। पंचायत भवन में इनकी कमी होने की वजह से काम नहीं हो पा रहे हैं। अगर डाटा एंट्री ऑपरेटर की बहाली होगी, तो पंचायत भवन में काम हो सकेंगे। मंत्री दिलीप जायसवाल ने बाचतीच में यह भी बताया कि जमीन से जुड़े जमाबंदी में सुधार, वंशावली में नामांतरण सहित कई शिकायतें आ रही हैं, जिसका समाधान किया जा रहा है। सरकारी जमीन को लेकर लैंड बैंक भी बनाए जायेंगे। ऐसा होने के बाद भूमिहीन को जमीन दिए जायेंगे। इससे पहले राजस्व महाअभियान को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ। दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा था, राजस्व दस्तावेजों में सुधार के लिए 46 लाख पेंडिंग आवेदनों के समाधान के लिए 11 से 17 जून तक सभी अंचलों में विशेष अभियान चलाया जायेगा। वहां रविवार को भी काम होगा। इसके तहत राजस्व महाअभियान में प्राप्त सभी आवेदनों की स्कैनिंग और पोर्टल पर अपलोडिंग अभियान मोड में होगा।

## मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया प्रसार भारती का स्वरूप बदलने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयपुर।** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज आकाशवाणी जयपुर परिसर से जैसलमेर के रामगढ़ में 20 किलोवाट के एफ.एम. ट्रांसमीटर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इसके साथ ही प्रदेश में एफ.एम. ट्रांसमीटरों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। रामगढ़ ट्रांसमीटर से सीमांत क्षेत्र में लगभग 80 किलोमीटर की परिधि में रेडियो प्रसारण सुनिश्चित हो सकेगा। इससे लोगों को सूचना, शिक्षा तथा मनोरंजन के विविध कार्यक्रम सुनने को मिलेंगे। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने अपने



संबोधन में प्रसार भारती का स्वरूप बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में रेडियो प्रसारण की प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए डिजिटल फर्स्ट और हाइपर लोकल के मंत्र के साथ इस अभियान को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने सिस्टम के इस ट्रांसफॉर्मेशन के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को भी प्रसारण से जोड़ने की बात कही। केंद्रीय मंत्री ने जयपुर में बनने वाले एआई डेटा सेंटर का जिक्र करते हुए इससे भविष्य की नींव बताया। उन्होंने प्रदेश में किए जा रहे रेलवे विकास का भी ब्यौरा दिया। श्री वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष बजट में रिकॉर्ड 10 हजार करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किए जा रहे **(शेष पृष्ठ 11 पर)**




बिहार सरकार

## संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर मैं राज्य के सभी नागरिकों से यह आग्रह करता हूँ कि हम सब मिलकर बच्चों के सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ एवं सम्मानपूर्ण बचपन के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएँ। बच्चे हमारे समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उनके हाथों में किताबें, आँखों में सपने होना चाहिए, न कि श्रम और कठिनाईयों का बोझ।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के "श्रम नहीं, शिक्षा", "सबका साथ, सबका विकास" तथा सुरक्षित एवं समावेशी बचपन के संकल्प से प्रेरित होकर केंद्र एवं बिहार सरकार बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। राज्य का भविष्य तभी सुरक्षित और समृद्ध होगा, जब प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, पोषण और आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त होंगे।

बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या ही नहीं, बल्कि यह सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदनशीलता और नैतिक उत्तरदायित्व की भी परीक्षा है। जब कोई बच्चा विद्यालय जाने की आयु में श्रम करने को विवश होता है, तब उसका बचपन, शिक्षा और आत्मविश्वास प्रभावित होता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने आसपास बाल श्रम जैसी किसी भी स्थिति को देखकर उसके विरुद्ध आवाज उठाए।

बिहार सरकार बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न अभियानों एवं योजनाओं के माध्यम से विमुक्त बाल श्रमिकों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके पुनर्वास के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य ऐसा बिहार बनाना है जहाँ हर बच्चा भयमुक्त वातावरण में अपने सपनों को साकार कर सके।

मैं अभिभावकों, शिक्षकों, उद्योगों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से विशेष अपील करता हूँ कि वे बाल श्रम उन्मूलन के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँ और बच्चों को शिक्षा एवं बेहतर भविष्य से जोड़ने में सहयोग करें।

आइए, इस अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि बाल श्रम मुक्त बिहार और बाल श्रम मुक्त भारत के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 005486 (LRD)D. 2026-27

# नीतीश कुमार ने नवनिर्वाचित विधान पार्षदों से किया जनहित के मुद्दे उठाने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मंत्री श्रवण कुमार के नेतृत्व में नीतीश कुमार से मिले नवनिर्वाचित विधायक

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल के नेता श्रवण कुमार के नेतृत्व में पार्टी के चार नवनिर्वाचित विधान पार्षदों ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, भारती मंडल, ललन प्रसाद और शिवरानी देवी मौजूद रहे। इस अवसर पर नीतीश कुमार ने सभी नवमनोनीत विधान पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने सदन में सरकार के पक्ष को मजबूती से रखने, जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा संगठन और सरकार के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की अपेक्षा जताई। श्रवण कुमार ने भी नवमनोनीत सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि विधान परिषद में एकजुटता के साथ कार्य करते हुए जनता की समस्याओं और लोक उपयोगी विषयों को निरंतर उठाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और विकास कार्यों को सदन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने में सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुलाकात के दौरान नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ, सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी तथा विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक मनजीत कुमार सिंह सहित कई अन्य नेता भी उपस्थित थे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, सदन में प्रभावी भागीदारी और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने को लेकर भी चर्चा हुई। नेताओं ने नवमनोनीत विधान पार्षदों से अपेक्षा जताई कि वे जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए राज्य के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## कंकड़बाग राजकीय औषधालय की समस्या समाधान के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के आह्वान पर जदयू के कार्यकर्ता बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के प्रति सक्रिय दिख रहे हैं। इसी के तहत जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय धानुक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद व जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य जितन्द्र पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता सीमा पटेल व अमित कुमार के नेतृत्व पार्टी के कायकर्ताओं का शिष्टमंडल स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मिला। शिष्टमंडल के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से कंकड़बाग डिफेन्स कॉलोनी स्थित राजकीय औषधालय की जीर्णशीर्ण व्यवस्था में बदलाव लाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि इस औषधालय का निर्माण स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए हुआ था मगर इस अस्पताल के जीर्ण शीर्ण भवन वहां की चिकित्सीय व्यवस्था बहुत ही दयनीय है। प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की इस अस्पताल के पुर्नउत्थान के लिए अधिकारियों को आदेश देकर वहां जनसुविधाएं बहाल कराए। प्रतिनिधिमंडल को स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही अधिकारियों से बात कर उक्त औषधालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा बहाल कराएंगे।

## टीबी उन्मूलन में योगदान के लिए एनटीपीसी कहलगांव को राज्यपाल एवं मंत्री निशांत ने किया सम्मानित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** एनटीपीसी कहलगांव को टीबी उन्मूलन में उल्लेखनीय योगदान हेतु बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 10 जून 2026 को पटना स्थित पुराने सचिवालय में आयोजित हुआ। एनटीपीसी कहलगांव की ओर से मानव संसाधन प्रमुख मनोरंजन सारंगी ने यह सम्मान ग्रहण किया। एनटीपीसी कहलगांव ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत 'निक्षय मित्र अभियान' के तहत 500 टीबी रोगियों को गोद लिया है तथा उन्हें प्रतिमाह पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।


# पटना उच्च न्यायालय को मिले सात नए न्यायाधीश, संख्या बढ़कर हुई 44

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय को अधिवक्ता कोटे से सात नए न्यायाधीश मिले हैं। केंद्रीय विधि मंत्रालय ने बुधवार को उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी। नव नियुक्त न्यायाधीशों को जल्द ही शपथ दिलाई जाएगी। नियुक्त किए गए न्यायाधीशों में रंजन कुमार झा, कुमार मनीष, राज कुमार, राणा विक्रम सिंह, विकास कुमार, गिरिजेश कुमार और आलोक कुमार शामिल हैं। इनमें रंजन कुमार झा, कुमार मनीष और राज कुमार को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है जबकि राणा विक्रम सिंह, विकास कुमार, गिरिजेश कुमार और आलोक कुमार को दो वर्ष के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया गया है। इन नियुक्तियों के बाद पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 37 से बढ़कर 44 हो जाएगी। इससे लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आने की उम्मीद है। वर्तमान में न्यायालय में लगभग 1.75 लाख मामले लंबित हैं। न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से प्रत्येक न्यायाधीश पर मामलों का औसत भार कम होगा तथा अधिक पीठों का गठन संभव हो सकेगा। इससे सेवा विवाद, भूमि विवाद, राजस्व और आपराधिक मामलों की सुनवाई अधिक प्रभावी ढंग से हो पाएगी। रंजन कुमार झा वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्य बार परिषद के निर्वाचित सदस्य रहे हैं तथा सेवा और आपराधिक मामलों की पैरवी में उनकी विशेष पहचान रही है। कुमार मनीष उच्च न्यायालय में राज्य सरकार के स्थायी अधिवक्ता के रूप में कार्य कर चुके हैं और राजस्व मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। राज कुमार आपराधिक अपीलों और सिविल मामलों के अनुभवी अधिवक्ता हैं। राणा विक्रम सिंह, विकास कुमार, गिरिजेश कुमार और आलोक कुमार भी विभिन्न विधिक क्षेत्रों में लंबे अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति पर महाधिवक्ता पी. के. शाही, राज्य बार परिषद के अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा सहित कई विधि विशेषज्ञों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# एनडीए उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचन पर मंगल पांडेय ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार विधान परिषद की 9 रिक्त सीटों पर हुए निर्विरोध निर्वाचन पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने एनडीए के सभी उम्मीदवारों को बधाई दी है। श्री पांडेय ने कहा बिहार विधान परिषद की सभी 9 सीटों पर एनडीए के उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र में एकता और सामंजस्य का प्रतीक है। भाजपा से पवन सिंह, संजय मयूख, शीला पंडित, अनिल ठाकुर, जदयू से भारती मेहता, निशांत कुमार, ललन प्रसाद, शिवानी देवी और लोजपा रामविलास से अशरफ अंसारी का निर्वाचित होना इस बात का प्रमाण है कि एनडीए बिहार के विकास के लिए पूरी तरह एकजुट है। सीटों के अनुपात में ही उम्मीदवार उतारे गए जिससे वोटिंग की नौबत नहीं आई। यह एनडीए की रणनीतिक एकता और आपसी विश्वास को दर्शाता है। मुझे विश्वास है कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य बिहार की जनता की सेवा और विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# राज्य में 21 नए पालना घर होंगे स्थापित, वर्तमान में 79 का हो रहा संचालन

## छह महीने से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को रखने की निशुल्क व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में कामकाजी महिलाओं के छह माह से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों की देखभाल और संरक्षण के लिए 79 पालना घर का संचालन हो रहा है। जल्द ही 21 नई खोलने की योजना है इसे वित्तीय वर्ष 2026-27 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद पलना घरों की संख्या 100 हो जाएगी। मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत संचालित पालना घर का उद्देश्य समाहरणालय परिसर और आसपास में कार्यरत महिला एवं पुरुष कर्मियों को कार्यालयीय अवधि में अपने बच्चों के पालन-पोषण की चिंता से मुक्त करना है। वर्तमान में राज्य के 38 पालना घर जिला मुख्यालय में, 24 जिलों के पुलिस मुख्यालय में, 09 काराओं तथा 08 विभागों में (समाज कल्याण पुराना सचिवालय, कारा सुधार एवं सेवाएं निदेशालय, पंचायती राज, श्रम संसाधन, गृह विभाग सरदार पटेल भवन, विधान परिषद्, बिहार लोक सेवा आयोग) में कुल 79 पालनाघर का संचालन किया जा रहा है। सभी पलना घरों का संचालन सरकारी भवनों में ही हो रहा है। पालना घर में कामकाजी महिलाओं के छह महीने से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को रखने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि बिहार सरकार नौकरी में महिलाओं को आरक्षण दे रही है जिसके बाद कार्यालयों में महिला कर्मियों की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ी है। ऐसे में उन महिलाओं के लिए छोटे-छोटे बच्चों की देखभाल करना और नौकरी करना दोनों मुश्किल होता है। ऐसे में पालना घर उनके लिए वरदान साबित होता है। यहां पर बच्चों को खेलने और पढ़ने दोनों की व्यवस्था है। इस पालना घर का निर्माण महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से किया गया है। बता दें कि पालना घर योजना भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से 2024-25 में शुरू की गई एक पहल है। यह योजना बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास, पोषण और स्वास्थ्य देखभाल में सहायता करती है। पालना घर में छह महीने से लेकर पांच साल के बच्चों की देखरेख के लिए एक क्रेच वर्कर और एक सहायक क्रेच वर्कर हैं। बच्चों को खाना या दूध देना है तो इंडक्शन और केटल की सुविधा भी है जबकि पालना घर का संचालन सुबह 9:30 से लेकर शाम 6 बजे तक होता है। छह महीने से एक साल के बच्चों के लिए क्रेच (शिशुगृह) है जबकि इससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए छोटा सा बेड भी दिया गया है।

# केवाइपी फरवरी 2026 बैच के प्रशिक्षार्थियों की परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा/वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, कौशल विकास केंद्र, महुआ रोड, जंदाहा में आज बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के फरवरी 2026 बैच के प्रशिक्षार्थियों की अंतिम परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित थी जिसमें 27 प्रशिक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए परीक्षा में भाग लिया। वहीं दूसरी पाली दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक आयोजित की गई जिसमें निर्धारित प्रशिक्षार्थियों ने समय पर उपस्थित होकर परीक्षा दी। परीक्षा उपरांत जब उपस्थिति पंजीका का मिलान किया गया तो यह पाया गया कि निर्धारित परीक्षार्थियों में से एक प्रशिक्षार्थी अनुपस्थित था। जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि उक्त प्रशिक्षार्थी किसी आवश्यक कार्यवश बिहार से बाहर गया हुआ है जिसके कारण वह परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सका। इस स्थिति पर केंद्र के प्रशिक्षकों एवं प्रबंधन ने खेद व्यक्त किया। इस पर केंद्र की ओर से स्कूलनेट इंडिया एवं बिहार कौशल विकास मिशन से आग्रह किया गया कि ऐसे प्रशिक्षार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए पुनः परीक्षा आयोजित करने का अवसर प्रदान किया जाए, ताकि किसी भी विद्यार्थी का भविष्य केवल परिस्थितिवश प्रभावित न हो। केंद्र के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि बड़ी संख्या में ऐसे प्रशिक्षार्थी हैं जिन्होंने समय रहते अपना प्रशिक्षण एवं कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया और परीक्षा में सम्मिलित हुए।

# हरित भविष्य के निर्माण का संदेश : प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के नेतृत्व में वृक्षारोपण

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जन-जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संकल्प एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जैव-विविधता संवर्धन तथा हरित एवं स्वस्थ भविष्य के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने महाविद्यालय परिसर में पारिजात के दो पौधों के रोपण द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में पारिजात को पवित्रता, सौंदर्य एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक माना जाता है। इन पौधों के रोपण के माध्यम से उन्होंने हरित एवं पर्यावरण-सम्मत जीवनशैली को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा हुआ विषय है। प्रकृति के साथ संतुलित सह-अस्तित्व ही सतत विकास का आधार है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी, वित्तेक्षक डॉ. अमित कुमार, डॉ. महेश केवट, ए.एन. नो. राहुल सिंह तथा अन्य शिक्षकगणों ने भी कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। सभी ने वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों के संदर्भ में वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, जैव-विविधता संरक्षण तथा जन-जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।

# पटना को मिला नया फिटनेस डेस्टिनेशन, द जिम पैराडॉक्स का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी के पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित उनो बिजनेस सेंटर में गुरुवार को अत्याधुनिक फिटनेस सेंटर 'द जिम पैराडॉक्स' का भव्य उद्घाटन किया गया। आधुनिक मशीनों और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस इस फिटनेस सेंटर का उद्देश्य शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं फिटनेस सेवाएं उपलब्ध कराना है। जिम में सदस्यों के लिए अत्याधुनिक कार्डियो एवं स्ट्रेंथ ट्रेनिंग मशीनें, फ्री वेट्स सेक्शन, अनुभवी ट्रेनर्स की देखरेख में व्यक्तिगत प्रशिक्षण, विशाल लॉकर रूम, हाइजीनिक शॉवर, स्टीम रूम, सॉना रूम, आइस बाथ तथा अन्य आधुनिक रिकवरी एवं वेलनेस सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं फिटनेस जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# जेनिथ कॉमर्स एकेडमी में मैंगो फेस्टिवल का आयोजन, विद्यार्थियों ने उठाया आम के विविध स्वादों का आनंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** कॉमर्स शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जेनिथ कॉमर्स एकेडमी में गुरुवार को उत्साह और उमंग के बीच भव्य मैंगो फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और संस्थान से जुड़े गणमान्य लोगों ने फलों के राजा आम की विभिन्न प्रजातियों का स्वाद लिया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजन को यादगार बनाया। गर्मी के मौसम में आम की लोकप्रियता और उसके सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। संस्थान परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और विभिन्न किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आम से जुड़े रोचक तथ्यों, उसके पोषण मूल्य और भारतीय संस्कृति में उसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां भी उतनी ही आवश्यक है।

# बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को डॉ. संतोष कुमार सुमन ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने बिहार विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचित सभी 10 सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. सुमन ने कहा कि बिहार विधान परिषद राज्य की लोकतांत्रिक एवं विधायी व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण सदन है। एक सदस्य के रूप में उन्हें विश्वास है कि नव निर्वाचित सभी सदस्य सदन की समृद्ध परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विधान परिषद में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभव और विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व होता है जिससे नीतियों एवं विधेयकों पर गंभीर और सार्थक विमर्श संभव हो पाता है। नव निर्वाचित सदस्यों के आने से सदन की कार्यक्षमता और विमर्श की गुणवत्ता और अधिक सशक्त होगी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar**

**Very Short Notice Inviting e-quotation Notice No-01/2026-27 (2nd Call)**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing / revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e- tender are invited for rate of items / materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners / Crusher owners / Reputed Manufacturer / authorized dealers / Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction / infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from **12-06-2026** at 10:30 hrs. to **18-06-2026** at 16:00 hrs. The quotation will be opened on **19-06-2026** at **17:00** Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Address for Communication :-

**(Jeson Horo)**
**Executive Engineer**
**DW&S Division, Medininagar**

PR 382098 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HUSSAINABAD**
**eemidhus-cemr-jhr@nic.in**

Letter No- 325 Hussainabad, Date:- 10/06/2026

e-Procurement Notice

**(Two Envelope System)**

e-Tender Reference No.:-WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-01/2026-27(**2nd Call**)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction Work Of Kawlahi Nala check Dam, Block:-Chattarpur, Dist:-Palamu |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 86,24,003=80 |
| 3 | Time of Completion | 11 Month |
| 4 | Date of Publication of E-Tender on website | 17/06/2026, Time:-11:00 AM |
| 5 | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 02/07/2026, Time:-03:00 PM |
| 6 | Last date/Time for Online submission of E-Tender fee and EMD | 02/07/2026, Time:-03:00 PM |
| 7 | Date of Opening of Technical Bid | 03/07/2026, Time:-04:00 PM |
| 8 | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hussainabad |
| a | Contact no. of e-Procurement officer | 9031301518 |
| b | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |

**Note:- (1) Only e-Tender will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease**
Further Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Hussainabad.**

PR 382103 (Minor Irrigation) 26-27 (D)


# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 12 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०–21 ऑफ 2026–27/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सं०–27–डीडीयू– मं०इंजी० –मुख्यालय – 26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में अधीनस्थ विश्राम गृह का निर्माण। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 21172410.89, **धरोहर राशि :** ₹ 423500.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 30.06.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in

**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/0379/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/26–27/32


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**

**( लापता गायत्री देवी, उम्र–35 वर्ष एवं पुत्र अंकुश कुमार उम्र–13 वर्ष)**



विशुनपुरा थाना सनहा सं0–18/26, दिनांक–28.05.26 में लापता गायत्री देवी उम्र–35 वर्ष, पति–अनिल राम एवं साथ में पुत्र अंकुश कुमार उम्र–13 वर्ष, पिता–अनिल राम, ग्राम–बुका, पो0–मकरी, थाना–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि लापता गायत्री देवी अपनी बहन सुशीला देवी, पति–सुनिल राम ग्राम–विशुनपुरा में भाादी समारोह में आई थी एवं वहाँ से दिनांक–20.05.26 को अपने ससुराल ग्राम–बुका जाने हेतु सुबह 10:00 बजे निकली थी परन्तु अपने घर नहीं पहुँची। उक्त लापता महिला एवं उसके पुत्र का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला एवं उसका पुत्र कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण / हुलिया :–**

1.नाम–गायत्री देवी, रंग–सांवली, लम्बाई–05 फीट, पहनवा–लाल साड़ी एवं पैर में काला चप्पल।

2. पुत्र–अंकुश कुमार, पहनावा– काला रंग का फुल पैन्ट एवं शर्ट तथा सफेद जुता।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.382122 Police(26-27):D




# बिहार में खाद की कोई कमी नहीं, कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : मंत्री

## राज्य में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, अब तक 43 प्रतिष्ठानों पर एफआइआर और 213 के लाइसेंस रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि वर्तमान में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक (खाद) की कोई कमी नहीं है। राज्य में खाद का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करने के लिए प्रचार-प्रसार के माध्यम से लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य में खाद की कोई किल्लत न हो, इसके लिए विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। वर्तमान में राज्य में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का आवश्कता के अनुरूप स्टॉक उपलब्ध है।

**वर्तमान में राज्य में यूरिया:** 2.35 लाख मीट्रिक टन, डी.ए.पी. 4.56 लाख मीट्रिक टन, एन.पी.के. 8.82 लाख मीट्रिक टन, एम.ओ.पी. 1.71 लाख मीट्रिक टन, एस.एस.पी. 1.17 लाख मीट्रिक टन, कृषि मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और तय मूल्य से अधिक पर बिक्री को रोकने के लिए विभाग 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर गठित 'उड़नदस्ता दल' और जिला कृषि अधिकारियों की जांच टीमें लगातार निरीक्षण कर रही है। वर्ष 2026-27 में (10 जून 2026 तक) की गई कड़ी कार्रवाई के विवरण निम्नलिखित हैं-

**एफआईआर:** अनियमितता पाए जाने पर कुल 43 उर्वरक प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**लाइसेंस रद्द:** कुल 213 उर्वरक प्रतिष्ठानों के उर्वरक प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। उर्वरक प्रतिष्ठानों के पॉस मशीन में प्रदर्शित खाद की मात्रा और भौतिक रूप से उपलब्ध मात्रा का कड़ाई से सत्यापन किया जा रहा है। यदि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बिहार के जिलों में खाद की तस्करी और कालाबाजारी को रोकने के लिए कृषि विभाग विशेष रूप से सक्रिय है। इन क्षेत्रों में सशस्त्र सीमा बल के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर निरीक्षण दल द्वारा लगातार छापेमारी और निगरानी की जा रही है।

# नाबालिग किशोरी को शादी की नियत से भगाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी को शादी की नियत से बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने आंती पंचायत के एक गांव निवासी युवक के विरुद्ध आंती थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि युवक उनकी नाबालिग पुत्री को शादी की नीयत से अपने साथ लेकर फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं मिल सका। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने गुरुवार को बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज

# नाली निर्माण को लेकर विवाद, वार्ड सदस्य ने मुखिया पर मारपीट का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** प्रखंड की जमुआवां पंचायत के बहवलपुर गांव में नाली निर्माण कार्य को लेकर विवाद सामने आया है। वार्ड संख्या 14 के वार्ड सदस्य दीपक कुमार ने पंचायत की मुखिया गायत्री देवी एवं उनके पुत्र पर मारपीट और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए महकार थाना में लिखित शिकायत दी है। वार्ड सदस्य ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीब 9.10 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में उनकी ओर से भी आर्थिक सहयोग और मेहनत लगी थी तथा कार्य लगभग पूरा हो चुका था। केवल नाली पर ढक्कन लगाने का काम शेष था। इसी दौरान मुखिया द्वारा दूसरे ठेकेदार को काम सौंप दिया गया। दीपक कुमार का कहना है कि जब उन्होंने अपने बकाया पैसे की मांग की तो मुखिया और उनके पुत्र ने उनके साथ हाथापाई और मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के दौरान गांव की एक महिला ने हस्तक्षेप कर उनकी जान बचाई। वार्ड सदस्य ने यह भी कहा कि उन्हें झूठे मुकदमे और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत फंसाने की धमकी दी जा रही है। इधर, मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वार्ड सदस्य ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# होटल संचालक को बकाया मांगना व्यापारी को पड़ा महंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** होटल संचालक को बकाया रकम मांगना व्यापारी को महंगा पड़ गया। होटल संचालक ने व्यापारी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित व्यापारी ने मामले की शिकायत पुलिस से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना गुरुवार को टिकारी थाना क्षेत्र के गुलरियाचक में गुरुवार को घटित हुई। पीड़ित व्यापारी अरवल जिला के मानिकपुर थाना क्षेत्र निवासी मुकेश चौधरी ने बताया कि गुरुवार की सुबह गुलरियाचक बाजार में अन्य दुकान वाले को मछली दे रहा था इसी दौरान बाजार स्थित सुंदर होटल के संचालक दीपक कुमार ने मछली की मांग की जिसके बाद पूर्व का बकाया चुकता करने की बात कही तभी मछली देने की बात कही। व्यापारी की यह बात दीपक को नागवार गुजरी व दीपक ने व्यापारी के साथ मारपीट कर दिया। मुकेश ने बताया कि दीपक ने मछली नहीं देने पर जान मारने की भी धमकी दी। मुकेश ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की वहीं मामले को लेकर टिकारी थाना की पुलिस ने अनभिज्ञता जाहिर की।

# निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं को मिले बेहतर सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** निर्जला एकादशी का व्रत 25 जून को है। जिले में यह व्रत काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन विष्णुपद मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होगी। एक दिन पहले ग्रामीण इलाकों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। रात भर इसी इलाके में भारी संख्या में ग्रामीण रुक जाएंगे। व्रत के दूसरे दिन यानी 26 जून की सुबह स्नान, पूजा करने और प्रसाद ग्रहण के बाद वापस लौटेंगे।

# बाल सृजन शाला सह समर कैंप का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## 60 महादलित टोलों की बच्चियां होंगी लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वजीरगंज।** समग्र सेवा संस्थान के बैनर तले प्रखंड के दखिनगांव बाईपास स्थित सुखदेव पैलेस में पांच दिवसीय समर कैंप सह बाल सृजन शाला का प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 7 जून से 11 जून तक चलाया गया। संस्थान द्वारा गया जिले के तीन प्रखंडों - वजीरगंज, अतरी एवं मोहड़ा के 60 महादलित टोलों में 6 से 14 साल की बच्चियों के लिए शिक्षण केंद्र संचालित किए जाएंगे। स्कूल से ड्रॉप आउट, अनामांकित या पढ़ाई में कमजोर बच्चियों के शैक्षिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु ये केंद्र स्कूल समय से पूर्व समुदाय की भागीदारी से चलाए जाएंगे। उक्त शिक्षण केंद्रों की शिक्षिका 'दीदियों' की क्षमता संवर्धन हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्र सेवा दल के योग्य प्रशिक्षकों सहित अन्य विशेषज्ञों द्वारा खेल, गीत, संगीत, योगा, पेपर क्राफ्ट, पुआल पेंटिंग, बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक मकेश्वर ने कहा कि बाल सृजन शाला बच्चों के जीवन में सृजनात्मक विकास के साथ बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यह कैंप उन बच्चों के लिए शिक्षा से पुनः जुड़ने का रोचक माध्यम बनेगा जो किसी कारणवश पढ़ाई से विमुख हो गए थे। प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने किया था। इस अवसर पर समाजसेवी पिंकू कुमार, शुकदेव प्रसाद सहित प्रखंड के कई प्रबुद्ध नागरिकों का सहयोग मिला। प्रशिक्षण में शामिल दीदियों संगीता कुमारी, खुशबू कुमारी, राजनंदनी कुमारी ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह कैंप निश्चित रूप से बच्चों के जीवन परिवर्तन का सूत्र बनेगा और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ेगा।

# दानापुर मंडल के कोइलवर रेल पुल का किया जा रहा नवीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दानापुर।** दानापुर रेल मंडल के हावड़ा-दिल्ली मार्ग पर भोजपुर जिला के अन्तर्गत बिहटा एवं कोईलवर स्टेशनों के बीच सोन नदी के ऊपर 1862 ई. ब्रिटिश काल में बनाया गया डबल डेकर पुल है जिसे अब्दुल बारी पुल के नाम से भी जाना जाता है जिसके नीचे रोड एवं ऊपर रेल ट्रैफिक का आवागमन निर्बाध रूप से चालू है; इस पुल की लम्बाई 1.44 कि.मी.है । इसके निर्माण में उच्च कोटि का रोट आयरन का उपयोग किया गया था। इसका पिलर आज भी पर्याप्त मजबूती के साथ खड़ा है जिसकी निरंतर निगरानी की जाती है। इस पुल पर चौबीसो घंटे पेट्रोलिंग के साथ-साथ प्रतिदिन की-मैन के द्वारा इसकी फिटिंग्स चेक की जाती है। हजारों वर्षों से सभ्यता की जन्मभूमि रही सोन नदी के दोनों किनारों को लगभग 1862 में बने इस कोईलवर पुल ने जोड़ के रखा है। यह पुल बिहार के भोजपुर क्षेत्र (आरा) को राजधानी पटना से जोड़ता है। कोईलवर पुल (जिसका नाम अब्दुल बारी पुल है) एक ऐतिहासिक रेल-सह-सड़क पुल है जो इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना है। इसमें ऊपर दोहरी रेलवे की पटरियां और नीचे सड़क यातायात की सुविधा है जो क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देती है एवं यातायात को सुगम बनाती है। 1862 में खोला गया यह पुल उस समय एशिया का सबसे लंबा पुल था और यह भारत का सबसे पुराना चालू रेल-सह-सड़क पुल है। भारत के वायसराय लॉर्ड एल्गिन ने 1862 में इस ऐतिहासिक कोईलवर पुल (सोन पुल) का उद्घाटन किया था। जेम्स मीडोज रेंडेल और सर मैथ्यू डिग्बी वायट द्वारा डिजाइन की गई, इस पुल का निर्माण 1856 में शुरू हुआ था, लेकिन 1857 के विद्रोह के कारण इसमें विलम्ब हुई। इस पुल को 1982 में 'ऑस्कर पुरस्कार' जीतने वाली फिल्म 'गांधी' में दिखाया गया है। वर्तमान में इस पुल का उन्नयन एवं अपग्रेडेशन का काम तीव्र गति से चल रहा है जिसमें नये डिजाइन का एच बीम स्लीपर और चेकर प्लेट बदलने के साथ-साथ गर्डर की पेंटिंग जैसे कार्य भी शामिल हैं। उन्नयन के पश्चात यह पुल अगले कई वर्षों तक उपयोग के लिए उपयुक्त रहेगा।

# सौ दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना के ओपीडी परिसर में '100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत पेडियाट्रीक टीबी विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ स्वीटी कुमारी, मंडल चिकित्सा अधिकारी के द्वारा की गई जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को आयोजन के उद्देश्य, महत्व एवं लक्ष्य से अवगत कराया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ फैजान, डीएनबी पेडियाट्रीक के द्वारा बच्चों में टीबी के लक्षणों, समय पर पहचान, उपलब्ध जांचों तथा नियमित उपचार के महत्व के बारे में बताया। इसके उपरांत शिशु रोग विभागाध्ययक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए. के. ओझा ने अपने संबोधन में पेडियाट्रीक टीबी की रोकथाम, जांच, टीकाकरण का महत्व एवं समय से चिकित्सकीय परामर्श के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा निदेशक डॉ सुबोध कुमार मिश्रा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा पेडियाट्रीक टीबी मामलों में जन जागरूकता, समय पर जांच एवं नियमित उपचार की बहूत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सा सहायता एवं बीसीजी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगभग 200 से ज्यादा मरीजों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पेडियाट्रीक टीबी से संबंधित महत्वयपूर्ण जानकारी प्राप्त किया।

# खुले मेनहोल से हादसों का खतरा, राहगीरों में दहशत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच बाजार मोड़ के समीप स्थित नाले का खुला मेनहोल लोगों के लिए परेशानी और दुर्घटना का कारण बना हुआ है। व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पैदल यात्री, बाइक सवार और अन्य वाहन चालक आवागमन करते हैं, लेकिन खुले मेनहोल के कारण हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों में सुनील शर्मा, सुधीर कुमार एवं शैलेश कुमार ने बताया कि इस स्थान पर आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। उनका कहना है कि प्रतिदिन चार से पांच लोग किसी न किसी रूप में इसकी चपेट में आ जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को होती है जो अनजाने में नाले में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार कई बाइक सवारों का पहिया मेनहोल में फंस जाने से वे दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद अब तक समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अविलंब खुले मेनहोल को ढकवाने तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

# मोहर्रम को लेकर आंती थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पर प्रतिबंध



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को आंती थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान ग्राम काबर स्थित सूर्य मंदिर के समीप विवादित मार्ग के संबंध में चर्चा करते हुए ताजिया जुलूस के लिए रास्ते का निर्धारण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि निर्धारित मार्ग का ही पालन किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने मोहर्रम जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर रोक लगाने की हिदायत दी। साथ ही जुलूस में डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम जुलूस के दौरान कोई भी व्यक्ति डीजे का उपयोग नहीं करेगा। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि बिना लाइसेंस के कोई ताजिया जुलूस नहीं निकाला जाएगा। यदि कोई समिति या व्यक्ति बिना लाइसेंस के जुलूस निकालता है तो उसके विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सभी लोगों से आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया जी।** प्रखंड क्षेत्र के कुशा बीजा पंचायत अंतर्गत तड़वा गांव में आयोजित होने वाले रुद्र महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष ने भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ स्थल से हुआ। यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए निरंजना नदी पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भाग लिया। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों एवं हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। यज्ञाचार्यों एवं कथा वाचकों ने श्रद्धालुओं को रुद्र महायज्ञ के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी देते हुए यज्ञ को जनकल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति का माध्यम बताया। मौके पर कुशा बीजा पंचायत के मुखिया लक्ष्मी लाल, पंचायत प्रतिनिधियों में अनूप विश्वकर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज यादव, सुरेंद्र यादव, विनोद यादव के साथ अन्य स्थानीय ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति एवं ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा। पूरे आयोजन के दौरान तड़वा गांव भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया।

बिहार सरकार

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

संदेश

उप मुख्यमंत्री
बिहार

हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि बाल श्रम के विरुद्ध लड़ाई केवल कानूनों से नहीं जीती जा सकती, इसके लिए जन–भागीदारी और सामाजिक संवेदनशीलता आवश्यक है। जब हम किसी बच्चे को श्रमिक के रूप में कार्य करते देखते हैं, तो यह न केवल उसके अधिकारों का हनन होता है, बल्कि मानवता की हार भी होती है।

बिहार सरकार ने बाल श्रम की समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जिसमें पहचान, उन्मूलन, पुनर्वास और सामाजिक संवेदन जैसे उपाय शामिल हैं। शिक्षा के प्रसार, परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार और बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में विशेष प्रयास हो रहे हैं।

12 जून का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि हम सभी बच्चों के संरक्षक हैं और उनका कल संवारना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज का बच्चा यदि शिक्षित और सुरक्षित है, तो कल का समाज समृद्ध और सशक्त होगा।

आइए, इस दिवस पर हम शपथ लें कि हम न केवल अपने बच्चों को, बल्कि समाज के हर बच्चे को उसका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

(बिजेन्द्र प्रसाद यादव)

PR No.- 005386 (LRD)D. 2026-27

# अंतिम शाही स्नान में उमड़ी आस्था, श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 के तहत आयोजित तीसरे एवं अंतिम शाही स्नान में गुरुवार को लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंडों और सरोवरों में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं के उत्साह से पूरा मेला क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। शाही स्नान के दौरान जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने नियंत्रण कक्ष पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालुओं के आवागमन तथा विधि-व्यवस्था की निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां से मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि शाही स्नान के दौरान भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र के प्रमुख प्रवेश एवं निकास द्वारों, स्नान घाटों, मंदिर परिसरों, पार्किंग स्थलों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। विभिन्न मार्गों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती के साथ वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं, ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्गों एवं जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। मेला क्षेत्र में बैरिकेडिंग, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, सूचना एवं सहायता केंद्र तथा खोया-पाया केंद्र सक्रिय रूप से संचालित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत अस्थायी चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस एवं चिकित्सकीय दल की तैनाती की गई है। वहीं, अग्निशमन विभाग की टीम भी आवश्यक उपकरणों के साथ अलर्ट मोड में मौजूद है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए हर सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था भी की गई है। नगर निकायों को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राजकीय राजगीर मलमास मेला भारतीय संस्कृति, आस्था एवं परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को देने की अपील की है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आपदा पीड़ित परिवारों के प्रति सरकार संवेदनशील : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/नालंदा।** ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों के प्रति राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आपदा की विषम परिस्थितियों में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। गुरुवार को नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने प्राकृतिक आपदाओं में जान गंवाने वाले नौ लोगों के आश्रितों के बीच आपदा अनुग्रह अनुदान के चेक वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाढ़, भूकंप, सर्पदंश सहित अन्य आपदाओं के मामलों में सरकार पीड़ित परिवारों तक त्वरित आर्थिक सहायता पहुंचाने के साथ-साथ उनके पुनर्वास की दिशा में भी गंभीरता से कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने नूरसराय थाना क्षेत्र के तीन लाभार्थियों को चार-चार लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि के चेक सौंपे। इनमें गोडिहा गांव निवासी मृतक सन्नी कुमार के पिता हरेराम पंडित को 4.20 लाख रुपये, रामलगन पासवान



की पत्नी कांता देवी को चार लाख रुपये तथा चारुईपुर पोस्ट बघरा निवासी दिवंगत वाल्मीकि पासवान की पत्नी आशा देवी को चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा बेगमपुर, ममरुबाद पंचायत के मिरचाईगंज, मेयार, नरौरा, कखड़ा एवं चारुईपुर गांवों के छह अन्य आपदा पीड़ित परिवारों को 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई। लाभार्थियों में मृतक मिथुन कुमार, वंदना कुमारी, सत्यम कुमार, लड्डू चौहान, रोहित कुमार तथा अर्जुन पासवान के आश्रित शामिल हैं। इस अवसर पर पप्पू मुखिया, सिक्कू मुखिया, उपेंद्र मुखिया, शैलेन्द्र प्रसाद गराई, सुनील, रविराम, नवल मुखिया, कृष्ण मुखिया, राकेश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने शुरू किया महा जनसंपर्क अभियान, घर-घर पहुंचकर बताएंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने महा जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता शहर से लेकर गांवों तक घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाएंगे। महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा नेताओं ने नालंदा जिले के विभिन्न मंडलों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। अस्थावां विधानसभा क्षेत्र के बिंद मंडल में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी बलराम मंडल ने अभियान में भाग लेकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी शैलेन्द्र कुमार, जिला मंत्री योगेंद्र मंडल, मंडल अध्यक्ष आशुतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के एकंगरसराय नगर, खुदागंज एवं इस्लामपुर नगर मंडलों में भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पर जिला महामंत्री वीरेन्द्र गोप, सौरव जैन, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, वरुण कुमार और सत्येन्द्र प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, राजगीर विधानसभा क्षेत्र के पावापुरी एवं गिरियक मंडलों में अनुसूचित मोर्चा आयोग के सदस्य संजय रविदास ने अभियान में लिया और कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया।

## चौकीदार पर जानलेवा हमला, धारदार हथियार से लहूलुहान

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के अंधरवारी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक चौकीदार पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। बब्लू साइबर कैफे के समीप अज्ञात लोगों ने हमला कर चौकीदार को लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल चौकीदार को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने बताया कि घायल अंधरवारी पंचायत के चौकीदार अनिल पासवान के शरीर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए हैं। उन्हें गहरे जख्म आए हैं। फिलहाल इलाज जारी है और चौकीदार खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## कौआकोल में 20 सूत्री समिति की बैठक 19 जून को

**कौआकोल।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में आगामी 19 जून को प्रखंड 20 सूत्री समिति की सामान्य बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए 20 सूत्री के सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पूर्व बैठक में लिए गए प्रस्तावों एवं निर्णयों के अनुपालन की भी विस्तृत समीक्षा होगी। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार के निर्देश पर बैठक बुलाई गई है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं 20 सूत्री समिति के सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है,ताकि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा सकें। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करना है।

# भाजपा की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, नवादा में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि भाजपा का मूल आधार उसका मजबूत संगठन है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी




बनाने के लिए नियमित बैठकों एवं कार्यक्रमों के संचालन का निर्णय लिया गया है। बैठक में तय किया गया कि अब प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में सभी मंडलों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। दूसरे सप्ताह जिला स्तर की बैठक होगी, तीसरे सप्ताह शक्ति केंद्रों की बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा चौथे सप्ताह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" को बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से सुना जाएगा। साथ ही सभी कार्यक्रमों की नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त सभी शक्ति केंद्रों की बैठकें आयोजित करने तथा बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर बूथ स्तर की तैयारियों की समीक्षा करने का भी निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का संकल्प है— "हर बूथ सबसे मजबूत"। हम सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Anil Thakur | पियूष चावला जे.एम. फस्ट क्लास पूर्णिया जलालगढ़ थाना कांड सं.–36/2010 Pending | 341, 323, 353, 379 427, 504, 24 आईपीसी गृह अतिचार एवं शांति भंग करना | Not Applicable | Not Applicable |

# पेड गिरने से सिमरातरी गांव पांच दिन से अंधेरे में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली प्रखंड के सवैयाटाड़ पंचायत अंतर्गत सिमरातरी गांव में पिछले पांच दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। सिमरातरी विद्यालय के समीप एक विशाल पेड़ अचानक गिर गया, जिससे एक टेंपो क्षतिग्रस्त हो गया और बिजली के पांच खम्भे भी टूटकर गिर पड़े। घटना के बाद से पूरा गांव अंधेरे में डूबा है। भीषण गर्मी में पांच दिनों से बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बाधित होने से पेयजल संकट गहरा गया है। मोटर नहीं चलने से नल-जल योजना भी ठप है। मोबाइल चार्जिंग, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। रात में सांप-बिच्छू का खतरा अलग बना हुआ है। लोगों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई थी, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार सवैयाटाड़ पंचायत की बिजली आपूर्ति सीधे बिहार बिजली बोर्ड से नहीं होती है। बिहार और झारखंड बिजली विभाग के बीच हुए समझौते के तहत इस क्षेत्र में झारखंड से बिजली आपूर्ति की जाती है,किंतु राजस्व रजौली कार्यालय में जमा किया जाता है। इसी व्यवस्था के कारण समस्या के समाधान में विलंब हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं बिजली विभाग से अविलंब कार्रवाई कर बिजली बहाल करने की मांग की है।

**बीडीओ ने दिया आश्वासन**

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि बिजली विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त बिजली खम्भों को जल्द पुनः स्थापित किया जाएगा। गिरे हुए पेड़ को हटाने की कार्रवाई भी शीघ्र शुरू की जाएगी। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि विभागीय स्तर पर आवश्यक पहल की जा रही है ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द बिजली सुविधा बहाल हो सके। फिलहाल गांव में लोग लालटेन और मोमबत्ती के सहारे रात गुजारने को मजबूर हैं।

## कोयला लदे दो वाहनों को पुलिस ने रोका,खनन विभाग कर रहा जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर पुलिस बलों ने गुरुवार को कोयला लदे दो वाहनों को जब्त किया है। जब्त कोयला से संबंधित कागजातों की प्रस्तुति नहीं किए जाने पर उसे जांच हेतु थाना परिसर में रखा गया है। पुलिस क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि झारखंड की ओर से रजौली की ओर दो वाहनों पर शराब परिवहन को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सशस्त्र पुलिस बल के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया। इसी क्रम में झारखंड की ओर से आ रहे इंट्रा नामक मालवाहक संख्या जेएच02बीभी2436 और जेएच02बीटी 4785 की जांच सघनता से की गई। जांच के क्रम में दोनों वाहनों पर वृहद मात्रा में प्लास्टिक के बोरियों में बंद कोयला पाया गया। कोयला से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखाने पर खनन विभाग को जांच हेतु प्रतिवेदन दिया गया है। खनन विभाग द्वारा जांच के उपरांत अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सरदार पटेल कॉलेज और साथी फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के उद्देश्यों के अनुरूप छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं सामुदायिक सहभागिता विकसित करने के लिए हिलसा स्थित साथी फाउंडेशन और सरदार पटेल कॉलेज के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान स्नातक स्तर के क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी-4) वॉलंटियरशिप कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ज्वाला प्रसाद धनानवी ने कहा कि नई शिक्षा नीति केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हुए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने पर बल देती है। उन्होंने बताया कि इस पहल से छात्रों को समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता अभियान तथा विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलेगा। साथी फाउंडेशन के सचिव अभय प्रताप एवं सहायक समन्वयक आशीष कुमार ने इसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इस साझेदारी से युवाओं के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में एनईपी समन्वयक डॉ. सुनील कुमार सिंह, प्रो. दिनेश प्रसाद, प्रो. दिव्या कुमारी, प्रधान सहायक अभिजीत राज, तकनीकी सहायक राणा प्रताप सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विकास एवं आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में भू-अर्जन, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, लघु सिंचाई, विद्युत आपूर्ति, सिंचाई प्रमंडल, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन प्रमंडल एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) सहित विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगाजल आपूर्ति योजना फेज-02, पार्ट-01 की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुआवजा भुगतान हेतु पांच एलपीसी



प्राप्त हुए हैं तथा शेष रैयतों से आवश्यक कागजात प्राप्त करने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शिविरों के माध्यम से सभी पात्र लाभुकों का एलपीसी निर्गत कराते हुए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए। साथ ही विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन कार्य में तेजी लाने हेतु अधियाची निकाय को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम से संबंधित योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि नवादा जिला अंतर्गत एनएच-31 के 97वें किलोमीटर से कादिरगंज एसएच-08 (सकरी नदी) तक बाईपास-सह-सादीपुर रेलवे हॉल्ट के समीप रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण कार्य हेतु संवेदक द्वारा साइट कैम्प का निर्माण कर लिया गया है तथा अर्जित भूमि के सीमांकन का कार्य प्रगति पर है।फरहा में शिविर आयोजित कर एल.पी.सी. बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही नवादा एवं अकबरपुर अंचल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-20 के सर्विस लेन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज बाजार में महज 10 रुपये के विवाद में लाठी-डंडों से हुई पिटाई में गंभीर रूप से घायल 31 वर्षीय दीपू लाल की गुरुवार तड़के पटना स्थित पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने शव मिलने में देरी, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर नारदीगंज चौक पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया तथा करीब एक घंटे तक राजगीर-बोधगया मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राहुल कुमार एवं थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जनों और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर निष्पक्ष कार्रवाई और न्याय का भरोसा दिलाया, जिसके बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया और यातायात बहाल हुआ। इस संबंध में मृतक के पिता प्रदीप लाल के लिखित आवेदन पर नारदीगंज थाना में कांड संख्या 208/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पूर्व रेलवे
ई-निविदा का निरस्तीकरण
मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-I, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा पूर्व आमंत्रित खुली ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई-एसईजी-आईपीएस-एसएसडीएसी-26, दिनांक 27.05.2026, खुलने की तारीख 19.06.2026 को एतद्द्वारा कुछ तकनीकी कारणों से निरस्त कर दिया गया है।
(HWH-151/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Sanjay Prakash | ए.सी.जे.एम.–1 सह एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना। कोतवाली थाना, पटना कांड सं. 469/2015 Pending | भारतीय दंड संहिता की धाराएं – 143, 341, 188, 431, 290 प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति प्राप्त किए जुलूस निकालने एवं मार्ग अवरुध करने के संबंध में | Not Applicable | Not Applicable |

# अनुशासन और नेतृत्व के सशक्त प्रतीक हैं आईजी विकास वैभव : डॉ. निर्मल कुशवाहा

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू के वरिष्ठ नेता एवं शाहाबाद क्षेत्र के चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आईजी विकास वैभव कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासन और प्रभावी नेतृत्व के सशक्त प्रतीक हैं तथा समाज की सुरक्षा और सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि विकास वैभव द्वारा संचालित 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान ने बिहार ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों को प्रेरणा और सकारात्मक बदलाव के लिए एक मंच प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं और शिक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकास वैभव की पहल पर संचालित 'गार्गी पाठशाला' समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। वर्तमान में राज्य के 19 जिलों में 37 निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालित हैं जो एक शिक्षित, जागरूक और सशक्त बिहार के निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है और इस दिशा में विकास वैभव का योगदान प्रेरणादायी है। उन्होंने लोगों से इस मुहिम को और व्यापक बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि गया स्थित पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए पहुंचे थे। जनसुनवाई में आईजी विकास वैभव ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि विकास वैभव के निर्देश पर विभिन्न थानों में 'लोक संवाद गोष्ठी' का सफल आयोजन किया जा रहा है। यह सामुदायिक पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने विकास वैभव के रोहतास जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में किए गए कार्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रोहतास किला पर तिरंगा फहराने, सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में सोन महोत्सव के आयोजन तथा समाज के भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने जैसे अनेक कार्य उनके दूरदर्शी नेतृत्व के उदाहरण हैं। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि एक समय उग्रवाद प्रभावित रहे रोहतास जिले को नक्सलवाद से मुक्त बनाने में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि विकास वैभव का मूल सिद्धांत रहा है कि 'दोषी कभी बचे नहीं और निर्दोष कभी फंसे नहीं', यही सोच उन्हें एक संवेदनशील, जनोन्मुखी और प्रभावी पुलिस अधिकारी के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाज और प्रशासन के बीच विश्वास का संबंध और अधिक मजबूत होगा।

# एवरेस्ट एजुकेशन सेंटर तिलौथू का शानदार प्रदर्शन

## बिहार पुलिस भर्ती 2026 में 23 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी/तिलौथू (रोहतास)।** बिहार पुलिस भर्ती 2026 के अंतिम परिणाम में तिलौथू स्थित एवरेस्ट एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के कुल 23 छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत, सही मार्गदर्शन और अनुशासित तैयारी से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। इस सफलता पर संस्थान के निदेशक चंदन कुमार, शिक्षक पंकज कुमार एवं आनंद कुमार ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**चयनित अभ्यर्थियों की सूची**

सुधीर कुमार (बड़ीहा), अनीश कुमार (पतलूका), संजय कुमार (चोरकप), कमलेश कुमार (सैना), बबलू कुमार (कैथी), अविनाश कुमार (तिलौथू), विकास कुमार (अमरा), प्रकाश कुमार (बाबूगंज), अरविंद कुमार (महेशडीह), सुबोध कुमार (जगोडीह), गौतम कुमार (तिलौथू), बेबी कुमारी (बाबूगंज), स्नेहा कुमारी (भादोखरा), कौशल्या कुमारी (बसडीहा), शिवानी कुमारी (अमरा), अमृता कुमारी (बाबूगंज), सुनीता कुमारी (दतौली), पूजा कुमारी (जमुहारा), चंचला कुमारी (रंजीतगंज), सोमलता कुमारी (रंजीतगंज), खुशी कुमारी (पथरा), सुनिधि कुमारी (सरैया) तथा मीरा कुमारी (मिर्जापुर) शामिल हैं। इस अवसर पर एवरेस्ट एजुकेशन सेंटर परिवार की ओर से सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार सत्यानंद कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को श्रीमद्भागवत गीता, अंगवस्त्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा शुभकामनाएं दीं।

# डीएम ने दैनिक साक्षात्कार में फरियादियों के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिलाधिकारी के द्वारा जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को दैनिक साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में कुल 7 आवेदन प्राप्त किया गया जिसमें थाना / अंचल-सूर्यपूरा, ग्राम-करमा के ग्रामीणों यथा-शशिभूषण सिंह, रुपेश कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह, श्रीकांत सिंह एवं अन्य के द्वारा आम रास्ता रोकने से संबंधित शिकायत किया गया जिसे शीघ्र जांच कर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज को निदेशित किया गया। आवेदक कृष्णा नन्द पाठक, पिता स्व. जगनारायण पाठक, ग्राम चितांव, थाना-दिनारा के द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया जिसे अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम को भेजा गया। आवेदक अखलाक अहमद रिजवी (महासचिव) मरकजी मुहर्रम कमेटी सासाराम के द्वारा मोहर्रम पर्व 2026 के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूसों के कार्यक्रम एवं इस अवसर पर विशेष प्रबंध किये जाने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम तथा नगर आयुक्त सासाराम को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष आवेदन पत्रों को त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित कार्यालय / पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया।

# अतिक्रमण हटाने के अल्टीमेटम पर फुटपाथी दुकानदारों में नाराजगी, पुनर्वास की मांग तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट नगर पंचायत में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए जारी अल्टीमेटम को लेकर दो तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एक ओर अतिक्रमण से परेशान लोगों में प्रशासन के सख्त रुख से राहत और उत्सुकता देखी जा रही है तो दूसरी ओर समाजसेवियों और फुटपाथी दुकानदारों में गहरी नाराजगी है। स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया है जिससे फुटपाथ पर छोटा-मोटा रोजगार कर परिवार चलाने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। समाजसेवियों का कहना है कि इन लोगों के पास न तो पर्याप्त पूंजी है और न ही वे महंगे किराए पर दुकान ले सकते हैं जबकि इनके कंधों पर पूरे परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी है। सवाल यह उठ रहा है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के इन गरीब और लाचार लोगों के जीविकोपार्जन का क्या होगा। नगर में न तो बाजार समिति के लिए अलग से कोई स्थान निर्धारित किया गया है और न ही वेंडर जोन की व्यवस्था हो पाई है। सड़क किनारे बड़ी संख्या में ऐसे दुकानदार हैं जो छोटी-छोटी दुकानों से ही अपना गुजारा करते हैं। समाजसेवी एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने प्रशासन के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर इन लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था कौन करेगा और ये कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार गरीबों के विकास और उत्थान की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ बिना किसी ठोस योजना के उनके रोजगार को उजाड़ा जा रहा है।

# हर वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान बना रहा भारत : शीला कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल भारत माता के गौरव लौटाने वाले रहे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा ने उक्त बातें बुधवार देर शाम स्थानीय एनीकट स्थित प्रख्यात झारखंडी मंदिर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यक्रम पूरे होने पर विशेष पूजा अर्चना व अनुष्ठान उपरांत कही। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में देश गुलामी की मानसिकता से मुक्त हुआ और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर बढ़ा है। नए भारत हर वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान बना रहा है। दुनिया एक सक्षम शक्तिशाली और नए भारत का उदय देख रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनका खोया हुआ आत्मसम्मान और गौरव वापस दिलाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी उपलब्धि है। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल समेत आधे दर्जन मंडलों के अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने भी हवन पूजन में हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत, नया भारत और विकसित भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक आम आदमी के जीवन में परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल पूरा होने पर पूरे देश में विभिन्न स्थानों पर 12 साल बेमिसाल योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु आयु के लिए पूजा अर्चना की जा रही है। मौके पर भाजपा नेत्री शकुंतला देवी, बबल कश्यप, प्रकाश गोस्वामी, अशोक सोनी, विनीत सोनी, रविशंकर राय, कन्हैया राम, उदय कुशवाहा, वीरेंद्र शर्मा, आशुतोष सिंह समेत भारी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की अपील, मार्च 2027 तक करें आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** आम उपभोक्ताओं को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने और बिजली खर्च में राहत देने के लिए विद्युत विभाग ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। योजना के तहत घरों में सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता बिजली बिल में भारी कमी लाने के साथ लंबे समय तक मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकते हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि यह योजना भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए अत्यंत लाभकारी है और केंद्र सरकार सोलर संयंत्र लगाने पर आकर्षक सब्सिडी दे रही है जिससे आर्थिक बोझ कम होगा। योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि मार्च 2027 निर्धारित है, इसलिए समय पर आवेदन जरूरी है। इसके तहत 1 किलोवाट सोलर संयंत्र पर 30000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78000 रुपये तक की सब्सिडी मिल रही है। सोलर पैनल लगाने के लिए बैंक लगभग 7 प्रतिशत ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण भी दे रहे हैं जिसकी वसूली शहरी क्षेत्रों में 4-5 वर्ष और ग्रामीण क्षेत्रों में 7-8 वर्ष में होगी। 150 यूनिट प्रतिमाह खपत वालों के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक के लिए 2 किलोवाट और 300 यूनिट से अधिक के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का संयंत्र उपयुक्त है। उत्पादित अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर बिल में समायोजन कराया जा सकता है जिससे अतिरिक्त लाभ मिलेगा। प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट स्थान चाहिए और उचित रखरखाव से सोलर पैनल 25 वर्ष तक काम करते हैं। इससे बिजली बिल घटेगा और पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

# ग्रैंड कॉर्ड खंड में सिग्नलिंग आधुनिकीकरण की बड़ी उपलब्धि

## भभुआ रोड-कुदरा खंड में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के व्यस्त ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड में संरक्षा एवं परिचालन क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मुठानी स्टेशन पर अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली तथा भभुआ रोड-कुदरा खंड में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया। यह व्यवस्था 11 जून 2026 को अपराह्न 14:00 बजे से प्रभावी हो गई। मुठानी स्टेशन पर सेंट्रलाइज्ड इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई है। इस उन्नयन के फलस्वरूप स्टेशन की रूट 35 से बढ़कर 82 हो गई है जिससे ट्रेनों के संचालन में अधिक लचीलापन एवं दक्षता प्राप्त होगी। यह नई प्रणाली वर्ष 2001 में स्थापित पैनल इंटरलॉकिंग व्यवस्था का स्थान लेती है। इसके साथ ही पारंपरिक ट्रैक सर्किटों के स्थान पर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर सहित अन्य आधुनिक सिग्नलिंग उपकरण भी कमीशन किए गए हैं जिससे रेल परिचालन की विश्वसनीयता एवं संरक्षा में और वृद्धि होगी। इसी क्रम में भभुआ रोड-मुठानी-पुसौली-कुदरा रेलखंड में लगभग 22.23 रूट किलोमीटर क्षेत्र में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली प्रारंभ की गई है। इसी कार्य के अंतर्गत 05 ऑटोमैटिक रिले हट (आरएच-53, आरएच-54, आरएच-56, आरएच-57 एवं आरएच-1) तथा 73 ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलों को भी कमीशन किया गया। इस समग्र प्रणाली के माध्यम से एक ही दिशा में चलने वाली ट्रेनों के बीच सुरक्षित अंतर सुनिश्चित करते हुए रेलखंड की परिचालन क्षमता बढ़ाई जा सकेगी जिससे ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु एवं सुरक्षित होगा। उक्त कार्य को चरणबद्ध तरीके से संपन्न किया गया। प्रारंभिक तैयारियों हेतु दो दिनों तक प्रतिदिन 180 मिनट के ट्रैफिक ब्लॉक लिए गए जबकि अंतिम कमीशनिंग के लिए 135 मिनट का व्हील-फ्री ट्रैफिक ब्लॉक प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के उपरांत डीडीयू मंडल के ग्रैंड कॉर्ड खंड में फ्लाई ओवर केबिन, डीडीयू जंक्शन से कुदरा तथा सासाराम से रफीगंज तक ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली संचालित हो रही है। ग्रैंड कॉर्ड जैसे अत्यंत व्यस्त रेलखंड में यह आधुनिकीकरण संरक्षा सुदृढ़ीकरण, परिचालन दक्षता में वृद्धि तथा भविष्य की यातायात आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन एवं विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# सुनील चौधरी हत्याकांड में दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर के मोहनियां थाना क्षेत्र में सुनील चौधरी हत्याकांड में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस इस मामले के खुलासे के करीब पहुंच गई है। मृतक के परिजनों ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम सुनील चौधरी अपने घर से मोबाइल बनवाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद वह लापता हो गए। मंगलवार सुबह वार्ड नंबर 7 में कचरे के ढेर के पास उनका शव बरामद किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहनियां डीएसपी गोपाल कृष्ण के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान शुरू किया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल्स का विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो लोगों को चिन्हित कर हिरासत में लिया।


**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice (2nd Call)**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through from eligible and interested contractors for Construction Of Additional Class Room in Palamu and Garhwa District of Palamu Division of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 24.06.2026 at 02.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only.

Ref. No.: **JEPC/CIV/03/2267/2026/2354**

Sd/-
State Project Director
Jharkhand Education Project Council
Ranchi, Date: - 10/06/2026

PR 382082 (Jharkhand Education Project Council) 26-27 (D)


# 72 पंचायत रोजगार सेवकों एवं छह कार्यक्रम पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब, सभी का मानदेय/वेतन स्थगित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कार्यों की नियमित निगरानी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अपनाया गया। जिला स्तर पर मनरेगा एवं संबंधित योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कई कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं पंचायत रोजगार सेवकों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पादन नहीं किया गया है। समीक्षा बैठक में अप्रैल एवं मई 2026 माह के अनुमानित व्यक्ति-दिन(पीडीएस) की प्रगति का आकलन किया गया। समीक्षा में यह सामने आया कि सूचीबद्ध 72 पंचायत रोजगार सेवकों एवं 6 कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा यथा अधौरा, भगवानपुर, मोहनियां, रामगढ़, चांद और दुर्गावती की उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य की तुलना में अत्यंत कम रही जो उनके दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता एवं लापरवाही को दर्शाती है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं पंचायत रोजगार सेवकों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनके विरुद्ध विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्पष्टीकरण के निष्पादन तक संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं पंचायत रोजगार सेवकों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, जवाबदेही एवं समयबद्धता के साथ करें, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा लक्ष्य प्राप्ति में अनावश्यक शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**
**( लापता नेहा मिंज, उम्र–करीब 17 वर्ष )**



बड़गड़ थाना सनहा सं0–16/26, दिनांक–30.05.26 में लापता नेहा मिंज उम्र–करीब 17 वर्ष पिता–स्व0 रमेश मिंज, पता–टेगारी, पो0+थाना – बड़गड़, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि लापता नेहा मिंज दिनांक–17.03.26 को अपने घर से लापता है, तथा अबतक घर वापस नहीं आयी है। उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0 नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण / हुलिया :–**

1.नाम–नेहा मिंज, लम्बाई–05 फीट 3 इंच, रंग–सांवला, बाल–काला, पहनावा–कुर्ती एवं जिंस भूरा रंग का, भारीर–दुबला/पतला, भाषा– हिन्दी एवं सादरी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.382119 Police(26-27):D


# आस्था का केन्द्र मां भलुनीभवानी : श्रद्धा और शक्ति का संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दिनारा दावथ में स्थित मां भलुनीभवानी का प्राचीन मंदिर हजारों वर्षों से भक्तों की आस्था का जीवंत केंद्र बना हुआ है। क्षेत्रवासियों के लिए यह स्थल शक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है जहां हर सुबह शाम घंटियों की गूंज और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो जाता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार मां भलुनीभवानी भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करने वाली देवी हैं और मंदिर की स्थापना हजारों वर्ष पूर्व उस समय हुई थी जब क्षेत्र में घोर अकाल और बीमारी फैली थी। ग्रामीणों का अटूट विश्वास है कि मां की कृपा से ही क्षेत्र में सुख शांति लौटी थी। पारंपरिक शैली में बने मंदिर के गर्भगृह में स्थापित मां की प्रतिमा सिंदूर और लाल चुनरी से सुसज्जित रहती है। भक्त यहां मन्नत मांगने आते हैं और पूरी होने पर झंडा, चुनरी और प्रसाद चढ़ाते हैं। मां भलुनीभवानी का नाम सुनते ही आसपास के गांवों के लोग श्रद्धा से सिर झुका लेते हैं। नवरात्रि के समय मंदिर परिसर मेले जैसा हो जाता है और सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग जाती हैं।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, DALTONGANJ**
**(E-mail: eercdmedini@gmail.com, eercdmedini-jhr@nic.in)**

**Letter No. - 636** **Dated -10.06.2026**

**Short Notice Inviting e-Quotation (NIQ)**
**Notice No.- RCD/Daltonganj/Quotation/2026-27/03**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in Framing / Revision of Schedule of Rates and as part of this endeavour, quotations through e-tender/quotation are invited for **Rate of Materials** annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners / Crusher Owners / Reputed Manufacturer / Authorized Dealers / Suppliers and other Stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil Construction / Infrastructure Works and Repair Works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from **15.06.2026** at **10.30 AM** hrs. to **22.06.2026** at **12.00 PM** hrs. The quotation will be opened on **23.06.2026** at **12.30 PM** Hours.
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall submit basic rate of material which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST, Overhead Charges and Contractor's Profit. Rates are at source i.e. Quarry / Crusher Plant.
2. The Make and Specifications of various materials shall be governed by the relevant Indian Standard (IS) Codes, Indian Roads Congress (IRC) Codes and Specifications as issued by Central Public Works Department (CPWD) / Concerned Department of Government of India and Circulars issued by MoRTH.
3. Quotationer may quote rate for all of the Materials / Part of the Material for which they are concerned.
4. Manufacturers / Producers or their authorized dealers shall quote their rate for material which is actually manufactured / produced / procured by them and the rate quoted for other materials shall not be acceptable.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no., PAN card.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject / cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may contact Mob. 06562-225019.

Address for Communication:
Office of The Executive Engineer Road Construction Department, Road Division, Daltonganj
Email ID: eercdmedini@gmail.com
Ph. No.: 06562-225019

sd/-
Executive Engineer
Road Construction Department,
Road Division, Daltonganj

PR.NO.382178 District(26-27):D

संपादकीय

# इंडिया गठबंधन : लक्ष्य अभी दूर

देश में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की 7वीं और दो साल के अंतराल के बाद दिल्ली में हुई बैठक का लब्बोलुआब यही है कि सभी ने भाजपा से लड़ने और नियमित अंतराल के साथ बैठकें करने का संकल्प जताया है। हालांकि पहले की तुलना में इंडिया गठबंधन की ताकत पहले के मुकाबले घटी है। पिछली बार इसमें 25 गैर भाजपा और गैर एनडीए क्षेत्रीय पार्टियों ने हिस्सा लिया था, इस बार संख्या घटकर 23 रह गई। क्योंकि डीएमके और आप ने इस गठबंधन से पहले ही खुद को अलग कर लिया था। चर्चा का विषय यह भी रहा तमिलनाडु में बंपर बहुमत से सत्ता में आई में टीवीके को इस बैठक में नहीं बुलाया गया। बीते दो साल में देश में राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। इस बैठक में भी एसआईआर के मुद्दे को ज़ोरदार ढंग से आगे बढ़ाने के संकेत दिए गए। साथ ही संसद सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अध्यक्षता में विपक्षी दलों की बैठक करने का भी फैसला हुआ। इस बैठक में जिन पाँच अहम मुद्दों पर इस विपक्षी गठबंधन में सहमति बनी, उसमें एक प्रमुख मुद्दा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े से जुड़ा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इंडिया गठबंधन की नियमित बैठकें होती हैं और उसमें भाजपा से लड़ने की रणनीति बनती है तो इसका असर राष्ट्रीय राजनीति पर होगा। पहले की तुलना में अब अंतर यह है कि कांग्रेस दो साल पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत है और सभी दलों की अगुवाई की स्थिति में है। अपने अपने राज्यों में बुरी तरह हारने के बाद आरजेडी और टीएमसी जैसी पार्टियां कांग्रेस को झुकाने की स्थिति में नहीं हैं। दरअसल टीएमसी, डीएमके और सीपीआईएम के सत्ता से बाहर हो जाने से गठबंधन के अस्तित्व पर सवाल खड़ा हो गया था। ऐसे में जो बचा सकते हैं, उसे बचाने की कोशिश जारी है। लेकिन इंडिया गठबंधन को सचमुच प्रभावी ढंग से काम करना है तो उसे अपना पुख्ता ढांचा तैयार करना चाहिए। एक कार्यालय, कोई संयोजक और समन्वयकर्ता बनाना चाहिए। कुछ कमेटियां बनानी चाहिए। नेताओं को संयुक्त दौरे करने चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर और राज्यस्तर पर समन्वय कैसे हो, इसका कोई रोड मैप तैयार करना चाहिए। उन मुद्दों पर मिलकर काम करना चाहिए, जिन पर सभी एकमत हों। अभी तो केवल एक ही समान लक्ष्य दिखता है और वो है भाजपा को हराना। हालिया बैठक में एसआईआर के मुद्दे पर भारत के प्रधान न्यायाधिपति को पत्र लिखने पर सहमति बनी। कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां एसआईआर को अपनी चुनावी हार से जोड़ रही हैं। लेकिन जिन राज्यों में गैर भाजपा पार्टियां जीतती हैं, वहां इस बारे में चुप्पी साध ली जाती है। मसलन केरल में कांग्रेस गठबंधन जीता तो वहां न एसआईआर समस्या हुई और न ही ईवीएम पर सवाल खड़ा किया गया। यही हाल तमिलनाडु का है। ऐसे दोहरे रवैये पर विपक्ष ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकता। इस बैठक में भी बुनियादी और विवादित मुद्दों पर कोई बात नहीं हुई। इसके अलावा परस्पर सम्मान और स्वीकृति भी जरूरी है। राजनीति में जो पार्टी जीतती जाती है, वह दूसरी पार्टियों पर रौब गांठने लगती है। पश्चिम बंगाल में ममता की हार के बाद कांग्रेस दबाव बना रही है कि ममता अपनी पार्टी टीएमसी का विलय कांग्रेस में कर दें, जो शायद ममता बनर्जी कभी नहीं करेंगी। दिलचस्प बात यह है कि ये सभी पार्टियां लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट हुई हैं, लेकिन उनकी अपनी पार्टियों में लोकतंत्र जैसी कोई चीज नहीं है। सब नेताओं की मर्जी और भाई भतीजावाद पर केन्द्रित है। बैठक में शामिल नेताओं के चेहरों पर भी कोई चमक दिखाई नहीं दे रही थी।

# जेन जेड : भारतीय राजनीति में नई पीढ़ी की दस्तक

**डिजिटल युग के भारतीय समाज में पीढ़ियों का वर्गीकरण अब अमेरिकी–मॉडल के आधार पर किया जाने लगा है, जबकि हमारे सामाजिक आर्थिक अनुभव उनसे भिन्न रहे हैं। यह ढांचा उपयोगी है, क्योंकि यह दिखाता है कि पीढ़ियाँ किन परिस्थितियों में बनीं और उनकी सामूहिक चेतना कैसे विकसित हुई। अमेरिका में यह मॉडल महामंदी, द्वितीय विश्व युद्ध, युद्धोत्तर विकास और सांस्कृतिक बदलावों से विकसित हुआ, जहाँ ग्रेटेस्ट जेनरेशन से लेकर जनरेशन अल्फ़ा की पहचान उनके समय की चुनौतियों और तकनीक के आधार पर की गई।**

**अरुण कुमार डनायक**

अमेरिका के विपरीत, भारत में पीढ़ियों का निर्माण तकनीकी या आर्थिक चक्रों से नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, राष्ट्र निर्माण, हरित क्रांति, बैंक राष्ट्रीयकरण, आपातकाल, उदारीकरण और डिजिटल क्रांति जैसे ऐतिहासिक मोड़ों से हुआ, जिन्होंने उनकी सोच, आकांक्षाओं और जीवन अवसरों को आकार दिया। इसलिए भारतीय पीढ़ियों को समझने के लिए स्थानीय इतिहास और सामाजिक अनुभव, जन्म वर्ष या तकनीकी परिवर्तनों के समान ही महत्वपूर्ण हैं। पिछली पीढ़ियों ने नेहरू युग की नीतियों और सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के विस्तार से स्थिर नौकरियाँ पाईं; जनरेशन एक्स ने उदारीकरण का लाभ तो देखा, पर सरकारी नौकरियों का सिकुड़ना भी। मिलेनियल्स आईटी बूम और निजी शिक्षा के दौर में बड़े हुए, जबकि जेनजेड आज एआई, परीक्षालीक, असुरक्षित रोजगार और तीव्र प्रतिस्पर्धा जैसी नई चुनौतियों का सामना कर रही है। पुरानी पीढ़ियों को स्थिरता मिली, जबकि नई पीढ़ियाँ अवसरों के साथ अधिक असुरक्षा और प्रतिस्पर्धा भी झेल रही हैं। भारतीय साहित्य और सिनेमा में पीढ़ियों की समस्याओं का चित्रण हमेशा सामाजिक यथार्थ से गहरे जुड़ाव के साथ हुआ है। स्वतंत्रतापूर्व पीढ़ी की पीड़ा प्रेमचंद की 'गोदान' और 'गबन' में दिखती है, जहाँ ग्रामीण गरीबी और सामाजिक शोषण केंद्र में हैं। स्वतंत्रताबाद की पीढ़ी के संघर्ष हम लोग और रोटी, कपड़ा और मकान में उभरते हैं–मध्यमवर्गीय तंगी, दहेज, बेरोजगारी और बुनियादी जरूरतों की लड़ाई के रूप में। इसी समय परसाई, शरद जोशी और गोपाल चतुर्वेदी ने लाइसेंसपरमिट राज, भ्रष्टाचार और नौकरशाही पर तीखे व्यंग्य से सत्ता को बेनकाब किया । स्वदेश' और 'थ्री इडियट्स' जैसी फिल्मों तथा चेतन भगत के उपन्यासों ने मिलेनियल्स की शिक्षा दौड़, ब्रेन ड्रेन, पारिवारिक दबाव, आईआईटी-आईआईएम प्रतिस्पर्धा और प्रेम-करियर द्वंद्व को लोकप्रिय संस्कृति में प्रमुखता से प्रस्तुत किया। बांग्लादेश और नेपाल में 1997 के बाद जन्मी पीढ़ी द्वारा सत्ता परिवर्तन में निभाई गई भूमिका ने यह संकेत दिया है कि डिजिटल




युग में जन्मी पीढ़ी जनरेशन ज़ेड भी व्यापक सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व कर सकती है।

इसी पृष्ठभूमि में दिल्ली के जंतरमंतर पर कात्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन भारतीय युवा राजनीति में एक अनोखा मोड़ बनकर उभरा। कुछ सप्ताह पहले तक एक व्यंग्यात्मक ऑनलाइन प्रतिक्रिया रहा यह अभियान अचानक छात्रों, अभिभावकों और युवा पेशेवरों की बड़ी भागीदारी वाले आंदोलन में बदल गया। सीजेपी का उभार भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के विरुद्ध आंदोलनों और सोशल मीडिया-आधारित छात्र असंतोष की व्यापक श्रृंखला का हिस्सा है, जो युवाओं के भविष्य को लेकर गहरी बेचैनी को दर्शाता है। इस अभियान के संस्थापक अमेरिका में अध्ययनरत अभिजीत दिपके ने जंतरमंतर के प्रदर्शन को 'ऐतिहासिक क्षण' बताया। उन्होंने सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम दिया कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफ़ा नहीं देते, तो आंदोलन फिर सड़कों पर लौटेगा। विगत एक सदी से भारत के कई परिवर्तनवादी आंदोलनों में गांधीवादी परंपरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस आंदोलन में सोनम वांगचुक की मौजूदगी ने इसे नैतिक आधार दिया, जिन्होंने शांतिपूर्ण प्रतिरोध और सत्याग्रह-उपवास जैसे गांधीवादी मार्ग अपनाने की अपील की। रील्स पोस्ट करने वाली पीढ़ी का अचानक सड़कों पर उतर आना बताता है कि युवा असंतोष अब पारंपरिक राजनीति से बाहर नई दिशा खोज रहा है। दूसरी ओर, सरकार ने इसे उच्चजोखिम घटना मानते हुए दिल्ली में भारी पुलिस बल और बहुस्तरीय बैरिकेडिंग तैनात की–साथ ही दिपके की ऑनलाइन गतिविधियों पर सवाल उठाए। यह स्पष्ट संकेत था कि सत्तातंत्र इस डिजिटलजनित आंदोलन को हल्के में नहीं ले रहा। भाजपा इस अभियान पर सख्ती से हमलावर रही। विदेश में बैठे लोगों के इस हस्तक्षेप को पार्टी ने स्वीकार नहीं किया और स्पष्ट किया कि वह लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेगी तथा युवाओं को किसी राजनीतिक एजेंडे का उपकरण नहीं बनने देगी। कांग्रेस सहित अधिकांश विपक्षी दलों की प्रतिक्रियाएँ भी एक समान नहीं रहीं। कांग्रेस की अपेक्षाकृत सतर्क प्रतिक्रिया कई प्रश्न खड़े करती है। संभव है कि इसके पीछे आंदोलन की राजनीतिक दिशा को लेकर अनिश्चितता, युवा असंतोष के प्रतिनिधित्व को लेकर प्रतिस्पर्धा, अथवा सोशल मीडिया आधारित नए आंदोलनों के प्रति पारंपरिक दलों की स्वाभाविक सावधानी जैसे कारण रहे हों। यह स्थिति संकेत देती है कि स्थापित राजनीतिक दल अभी भी डिजिटल माध्यमों से उभर रहे नए प्रकार के जन आंदोलनों की प्रकृति और संभावनाओं को पूरी तरह समझने की प्रक्रिया में हैं।

भारत के राजनीतिक इतिहास में जेपी आंदोलन, मंडल क्षण और अन्ना आंदोलन वे मोड़ रहे, जहाँ छात्रयुवा ऊर्जा ने सत्ता परिवर्तन की दिशा तय की–जनता पार्टी के उदय से लेकर सामाजिक न्याय की राजनीति और केजरीवाल के उभार तथा 2014 की लहर तक। पर इन आंदोलनों से निकली सरकारें अपेक्षित संरचनात्मक बदलाव नहीं ला सकीं: न जेपी आंदोलन कोई वैकल्पिक मॉडल गढ़ पाया, न अन्ना आंदोलन भ्रष्टाचार विरोध को संस्थागत सुधारों में बदल सका। मोदी सरकार भी, व्यापक अपेक्षाओं के बावजूद, शिक्षा, रोजगार, पारदर्शिता और जवाबदेही में वह परिवर्तनकारी दिशा नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद 2014 में बनी थी। यह क्रम बताता है कि भारत में आंदोलन तो उभरते हैं, पर उनका राजनीतिक अनुवाद अक्सर अधूरा रह जाता है। सीजेपी जेनजेड के असंतोष को व्यक्त करता है, पर उसके पास न संगठित नेतृत्व है, न दीर्घकालिक एजेंडा, न कोई ऐसा सर्वमान्य नैतिक चेहरा जो आंदोलन को देशव्यापी दिशा दे सके। सोनम वांगचुक गांधीवादी तरीकों में विश्वास रखते हैं, पर 2014 के बाद जिस तरह षड्यंत्रपूर्वक लोगों को गांधी विचारों से दूर करने का प्रयत्न किया गया है, वह उनके मार्ग से नई पीढ़ी कितनी जुड़ पाएगी, यह स्पष्ट नहीं है। दिपके स्वयं को अंबेडकरवादी मानते हैं–ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आंदोलन की नैतिक दिशा गांधीवादी अहिंसा, अंबेडकरवादी सामाजिक न्याय या किसी नए डिजिटल लोकतांत्रिक मॉडल की ओर किस रूप में विकसित होती है। यदि यह अभियान केवल अपनी तात्कालिक मांगों तक सीमित रहा, तो आशंका है कि संरचनात्मक बदलाव के बिना पुरानी राजनीतिक शक्तियाँ 'वेश बदलकर' लौट सकती हैं। असली बदलाव तभी संभव है जब युवा शिक्षा, रोजगार, पारदर्शिता और कौशल पर दीर्घकालिक दृष्टि विकसित करें। इतिहास ने यह जिम्मेदारी अब जेन जेड के हाथों में सौंप दी है कि वह केवल विरोध की आवाज़ बने या परिवर्तन की दिशा भी तय करे।

अध्यात्म

# धैर्य की पराकाष्ठा



बाल गंगाधर तिलक भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी थे पर साथ ही साथ वे अद्वितीय कीर्तनकार, तत्वचिंतक, गणितज्ञ, धर्म प्रवर्तक और दार्शनिक भी थे। हिंदुस्तान में राजकीय असंतोष मचाने वाले इस करारी और निग्रही महापुरुष को अंग्रेज़ सरकार ने मंडाले के कारागृह में छह साल के लिए भेज दिया।

यहीं से उनके तत्व चिंतन का प्रारंभ हुआ। दुख और यातना सहते-सहते शरीर को व्याधियों ने घेर लिया था। ऐसे में ही उन्हें अपने पत्नी के मृत्यु की ख़बर मिली। उन्होंने अपने घर एक खत लिखा- 'आपका तार मिला। मन को धक्का तो ज़रूर लगा है। हमेशा आए हुए संकटों का सामना मैंने धैर्य के साथ किया है। लेकिन इस ख़बर से मैं थोड़ा उदास ज़रूर हो गया हूँ। हम हिंदू लोग मानते हैं कि पति से पहले पत्नी को मृत्यु आती है तो वह भाग्यवान है, उसके साथ भी ऐसे ही हुआ है। उसकी मृत्यु के समय मैं वहाँ उसके क़रीब नहीं था इसका मुझे बहुत अफ़सोस है। होनी को कौन टाल सकता है? परंतु मैं अपने दुख भरे विचार सुनाकर आप सबको और दुखी करना नहीं चाहता। मेरी ग़ैरमौजूदगी में बच्चों को ज़्यादा दुख होना स्वाभाविक है। उन्हें मेरा संदेशा पहुँचा दीजिए कि जो होना था वह हो चुका है। इस दुख से अपनी और किसी तरह की हानि न होने दें, पढ़ने में ध्यान दें, विद्या ग्रहण करने में कोई कसर ना छोड़ें। मेरे माता पिता के देहांत के समय मैं उनसे भी कम उम्र का था। संकटों की वजह से ही स्वावलंबन सीखने में सहायता मिलती है। दुख करने में समय का दुरुपयोग होता है। जो हुआ है उस परिस्थिति का धीरज का सामना करें। '

अत्यंत कष्ट के समय पर भी पत्नी के निधन का समाचार एक कठिन परीक्षा के समान था। किंतु बाल गंगाधर तिलक ने अपना धीरज न खोते हुए परिवार वालों को धैर्य बँधाया व इस परीक्षा को सफलता से पार किया। जीवन भर उन्होंने कर्मयोग का चिंतन किया था वो ऐसे ही तो नहीं! 'गीता' जैसे तात्विक और अलौकिक ग्रंथ पर आधारित 'गीता रहस्य' उन्होंने इसी मंडाले के कारागृह में लिखा था।

# भारत की बढ़ती परमाणु शक्ति

**सिपरी यानी स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान की ताजा रिपोर्ट में भारत की बढ़ती परमाणु शक्ति को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किए हैं। जबकि भारत के पास कुल परमाणु हथियारों की संख्या बढ़कर लगभग 190 हो गई हैं। भारत ने 2025 में सैन्य खर्च 92.1 अरब डॉलर किया है। इस कारण भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैनिक हथियारों पर खर्च करने वाला देश बन गया है। हथियार आयात करने में भी भारत दूसरे स्थान पर है। इस कड़ी में पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे पर रूस, तीसरे पर चीन, चैथे पर भारत और पांचवें पर पाकिस्तान हैं। दुनिया के पास कुल 12.187 परमाणु हथियार हैं। इनमें सबसे ज्यादा अमेरिका के पास 5042 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार भारत लंबी दूरी के हथियारों की संख्या बढ़ा रहा हैं, ताकि पूरे चीन तक भारत की मारक क्षमता मजबूत हो जाए।**

**प्रमोद भार्गव**

भारत की प्रतिद्वंद्विता पाकिस्तान से भी है। भारत परमाणु डिलीवरी सिस्टम पर भी काम कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य संघर्ष में भारत ने पहली बार साइबर मोर्चा भी खोल दिया था। कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा 'बयान-बम' फोड़ा था। विवादित बयानों को लेकर चर्चित ट्रंप ने दावा किया था कि चीन और पाकिस्तान गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण में लगे हैं। रूस और उत्तर कोरिया भी परमाणु परीक्षण कर अपने हथियारों की ताकत टटोल रहे हैं। ये देश कभी भी यह बात स्वीकारने को तैयार नहीं हैं कि वे परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। ये देश भूमि की बहुत गहराई में परीक्षण करते हैं। इसलिए इनके परीक्षण की आहट किसी के कानों में नहीं गूंजती है। इन देशों के लोग खुले समाज के हिस्सा नहीं हैं, अतएव यहां की जानकारियां गोपनीय बनी रहती हैं। यह बात ट्रंप को इसलिए कहनी पड़ी, क्योंकि अमेरिका 30 साल बाद अपने परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से करने का फैसला ले चुका है। इसलिए उन्होंने अपनी सरकार के फैसले को पाक और चीन के परीक्षणों के परिप्रेक्ष्य में तार्किक ठहराने के लिए कही है। यह बात ट्रंप ने न्यूज चैनल सीबीएस से बात करते हुए कही थी।

दरअसल रूस द्वारा ट्रंप से पूछा गया था कि 'क्या वे एडवांस न्यूक्लियर-कैपेबल सिस्टम, जिसके द्वारा पोसाइडन अंडरवाटर ड्रोन गतिविधि शामिल है, उसके परीक्षण के बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण भी करेंगे?' इसके उत्तर में ट्रंप ने कहा था, 'उनके पास किसी भी दूसरे देश से अधिक परमाणु हथियार हैं। इन हथियारों से दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है। हम इन्हें नहीं परखते। किंतु जब दूसरे देश परीक्षण कर रहे हैं, तब हमें भी करने की जरूरत है।'याद रहे, ट्रंप ने दक्षिण कोरिया के बुसान नगर में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करने से पहले अमेरिका द्वारा परमाणु परीक्षणों को फिर से शुरू करने का बयान दिया था। पानी के भीतर पोसाइडन ड्रोन प्रणाली एक ऐसी तकनीक है, जिसमें रोबोटिक वाहन पानी के नीचे सक्रिय रहते हैं। ये स्वायत्त रूप से संचालित रहने के साथ इन्हें रिमोट के जरिए दूर से भी संचालित किया जा सकता है। ये ड्रोन पनडुब्बी वाहनों के समान होते हैं, जो बिना किसी मानव के पानी के नीचे संचालन और अनुसंधान के लिए होते हैं। किसी भी परमाणु हथियार संपन्न देश को परमाणु परीक्षण की जरूरत इसलिए होती है, क्योंकि परमाणु बम के लिए जरूरी यूरेनियम को संवर्धन (एनरिच) करना होता है। यह प्रक्रिया एक तकनीकी परीक्षण है। परमाणु परीक्षण की घोषणा किसी भी देश की ऐसी यौद्धिक रणनीति का हिस्सा है, जिससे वह शत्रु देश को अपनी ताकत का अहसास कराता है। भारत ने 1998 के बाद कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। अब चीन और पाक द्वारा गोपनीय रूप में परमाणु परीक्षण की बात सामने आई है। अतएव इन देशों से भारत को परमाणु हमले का खतरा बढ़ गया है। इसलिए भारत को भी अपनी परमाणु हथियार दागने की तकनीक




का परीक्षण करना जरूरी हो गया है। हालांकि भारत का सिद्धांत पहले परमाणु हमला नहीं करने का रहा है। लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कह चुके हैं कि अब हम इस वचन के पालन के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं। पहले भी हमला कर सकते हैं। वैसे भी भारत ने अब तक परमाणु परीक्षणों को प्रतिबंधित करने वाली संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। शायद इसीलिए टंप्र को कहना पड़ा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के विरुद्ध भारत परमाणु हमले के लिए तत्पर था। इस कारण पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुझसे निवेदन किया था कि आप बीच में आकर युद्ध रोकें, वरना पाक में लाखों लोग मारे जाएंगे।'

बहरहाल, ट्रंप के किसी भी दावे की पुष्टि भारत नहीं करता है। लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया के कई देश न केवल परमाणु परीक्षण करने में लगे हैं, बल्कि घातक परमाणु हथियारों को इकट्ठा करने की होड़ में भी लगे हैं। स्टॉकहोम स्थित 'अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान' (एसआईआरआई) के एक अध्ययन ने दावा किया है कि चीन के पास 350, पाकिस्तान 165 और भारत के पास जनवरी 2021 तक 156 परमाणु हथियार मौजूद थे। हालांकि ताजा रिपोर्ट के अनुसार सभी देशों ने अपने परमाणु हथियारों की संख्या में वृद्धि कर ली है। ऐसा लगता है कि ये तीनों पड़ोसी देश अपने परमाणु शस्त्रगारों का विस्तार कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक इस समय 12,187 परमाणु हथियार दुनिया के देशों के पास हैं। इनमें 90 प्रतिशत से ज्यादा रूस और अमेरिका के पास हैं। इनके अलावा ब्रिट्रेन, फ्रांस, इजराइल और उत्तर कोरिया के पास भी हथियारों का बड़ा जखीरा है। चीन परमाणु हथियारों की संख्या के बढ़ाने के साथ उनका तकनीकी रूप से आधुनिकीकरण भी कर रहा है। सऊदी अरब, मिश्र, भारत, आस्ट्रेलिया और चीन ने 2016 से 2020 के बीच सबसे ज्यादा हथियार आयात किए हैं। ट्रंप तो सरेआम कह रहे हैं कि उनके पास दुनिया को 150 बार तहस-नहस करने की परमाणु क्षमता है। यानी दुनिया परमाणु युद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

अमेरिकी गुप्तचर संस्था सीआईए के पूर्व वरिष्ठ खुफिया अधिकारी केविन हलबर्ट की बात मानें तो पाकिस्तान दुनिया के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक देशों में से एक है। पाकिस्तान की यह खुंखार और डरावनी सूरत इसलिए बन गई है, क्योंकि तीन तरह के जोखिम इस देश में खतरनाक ढंग से बढ़ रहे हैं। एक आतंकवाद, दूसरे ढह रही अर्थव्यवस्था और तीसरे परमाणु हथियारों का जरूरत से ज्यादा भंडारण। आर्थिक संकट के ऐसी ही बद्दतर हालात से उत्तर कोरिया जूझ रहा है। मानव स्वभाव में प्रतिशोध और ईर्ष्या दो ऐसे तत्व हैं, जो व्यक्ति को विवेक और संयम का साथ छोड़ देने को मजबूर कर देते हैं। इस स्वभाव को क्रूरतम परिणति में बदलते हम अमेरिका द्वारा हिरोशिमा और नागासाकी पर किए परमाणु हमलों के रूप में देख चुके हैं। अमेरिका ने हमले का जघन्य अपराध उस नाजुक परिस्थिति में किया था, जब जापान इस हमले के पहले ही लगभग पराजय स्वीकार कर चुका था। पाक इस समय इसी क्रूरतम मानसिकता से गुजर रहा है। ऐसे में यदि वह चीन के साथ परमाणु परीक्षण कर रहा है, तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। ट्रंप जो बात कह रहे हैं, वह हवा-हवाई होने की बजाय संभव है कि उनकी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट के आधार पर कही गई हो ? ट्रंप जैसे अविवेकी शासक पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। आपकी व्यावसायिक योजना सफल होगी। घर की महिलाओं के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आप महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। धनलाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त हो सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। पैतृक सम्पत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। आपके कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**कर्क**
आपके कुछ कार्य बिगड़ सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में अधिक भावुक नहीं होना चाहिये। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। कानूनी मामलों में थोड़े सावधान रहें।

**सिंह**
नयी जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। शेयर मार्केट से धनलाभ प्राप्त होगा। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**कन्या**
व्यवसाय में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में प्रदर्शन बेहतरीन होगा। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। रुचिपूर्ण कार्यों को समय अवश्य दें। मेहनत के दम पर सफलता मिलने की सम्भावना है।

**वृश्चिक**
वैवाहिक सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। बॉस का विरोध झेलना पड़ सकता है। विद्यार्थी नयी जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे।

**धनु**
सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है। मांगलिक कार्यों को लेकर बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।

**मकर**
आप प्रत्येक समस्या का समाधान कुशलतापूर्वक कर लेंगे। अपने करियर को लेकर कुछ कनफ्यूज हो सकते हैं। प्रतिष्ठित व्यक्तियों को अपमानित होना पड़ सकता है।

**कुंभ**
नयी तकनीक के प्रति आप अत्यधिक जागरूक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। आपको शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं।

**मीन**
अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें, अन्यथा रोग की वृद्धि हो सकती है। नये प्रोजेक्ट्स में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद कार्यकर्ताओं मनाया लालू यादव का 79वां जन्मदिन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ प्रखंड के कादिरगंज बाजार में राजद कार्यकर्ताओं ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने केक काटकर लालू यादव के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम में धनरुआ प्रखंड के राजद कार्यकारी अध्यक्ष सह डेवां पंचायत मुखिया संतोष कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा। मौजूद नेताओं ने लालू प्रसाद यादव के लंबे राजनीतिक जीवन, सामाजिक संघर्षों और जनहित में किए गए कार्यों को याद किया। उन्हें सामाजिक न्याय की राजनीति का एक मजबूत स्तंभ बताया गया।डेवां पंचायत मुखिया सह राजद कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा समाज के कमजोर, पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और समान अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। लालू यादव की राजनीतिक सोच और कार्यशैली आज भी लाखों कार्यकर्ताओं को जनसेवा तथा समाजहित में काम करने की प्रेरणा देती है।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से लालू यादव के आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। सभी कार्यकताओं ने पार्टी की नीतियों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया।



### राजेन्द्र सेतु रेल पुल बना झपटमारों का अड्डा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह और सिमरिया के बीच गंगा नदी पर स्थित ऐतिहासिक राजेन्द्र सेतु रेल पुल वर्षों से संगठित झपटमार गिरोह की चपेट में है। ट्रेन के पुल में प्रवेश करते ही ये गिरोह सक्रिय हो जाता है और यात्रियों को निशाना बनाता है।गिरोह के सदस्य पुल के लोहे के पायों और संरचना के बीच पहले से छिपे रहते हैं। ट्रेन की आवाज सुनते ही ये सतर्क हो जाते हैं।दरवाजे या खिड़की के पास खड़े यात्रियों के मोबाइल फोन, पर्स और बैग इनके मुख्य निशाने पर होते हैं।लोहे की रॉड या लकड़ी के डंडे से यात्री के हाथ पर वार करते हैं। चोट लगते ही यात्री का सामान छूट जाता है जिसे ये झपट लेते हैं। कई बार सीधे हाथ से ही झपट्टा मार देते हैं।यह अकेले नहीं, संगठित गिरोह है। कुछ सदस्य पुल के पायों पर, कुछ नीचे नदी किनारे और कुछ पुल के दोनों छोर पर तैनात रहते हैं। झपटे गए सामान को तुरंत नीचे या आगे साथियों तक पहुंचा दिया जाता है। लगातार हो रही घटनाओं से इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों में दहशत है। यात्रियों का कहना है कि दिनदहाड़े पुल पर इस तरह की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। कई यात्रियों के हाथ में रॉड लगने से चोटें भी आई हैं।इस संबंध में आरपीएफ निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव के अनुसार शिकायतें मिली हैं। पुल पर निगरानी बढ़ाई गई है और सादे लिबास में जवानों को तैनात करने की योजना है। साथ ही यात्रियों से अपील की गई है कि राजेन्द्र सेतु पार करते समय दरवाजे पर खड़े न हों और खिड़की से मोबाइल या कीमती सामान बाहर न निकालें।कई चोरों को जेल भी भेजा गया है।



### आरपीएफ और शराब माफिया के बीच नोक झोंक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन परिसर के पास एक शराब माफिया ट्रॉली बैग और एक छोटे से बैग में शराब की तस्करी करते हुए रेल पुलिस और आरपीएफ के जवानों को चकमा देते हुए बाढ़ रेलवे स्टेशन पर उतरा और मुख्य गेट से बाहर निकल गया। आरपीएफ के जवान को गुप्त सूचना थी की ब्लू कलर के ट्रॉली बैग में शराब की खेप है इस दौरान शराब माफिया मुख्य गेट से बाहर निकाल कर चाय दुकान की तरफ जाने लगा तभी रेलवे सुरक्षा बल के जवान संजय कुमार ने उसके पास पहुंचकर बैग में क्या समान है पूछताछ करने लगा। जिस पर शराब माफिया भड़क गया और रेलवे सुरक्षा बल के जवान के साथ हाथापाई करने लगा। करीब 10 मिनट तक यह हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। इस दौरान शराब माफिया अपने लोगों को बुलाने लगे तभी स्थानीय दुकानदार के द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के जवान को सहयोग करने के बाद उस पर नियंत्रण पाया जा सका और उसे पकड़ कर रेल पुलिस थाने में लाया गया। जहां शराब माफिया के पास से ट्रॉली बैग में भरे हुए बियर की कैन बरामद हुई। शराब माफिया दया चक मोहल्ला का रहने वाला है जिस पर रेल पुलिस कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई है।

### ई रिक्शा पलटने से युवक जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भटगांव पंचायत अंतर्गत दलिसमन चक गांव के पास सड़क किनारे गड्ढे में एक ई रिक्शा के पलट जाने से ई रिक्शा चला के गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया ई रिक्शा चालक की पहचान रवि शंकर कुमार के रूप में हुई है जो कि गांव का ही रहने वाला है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्टेशन रोड इलाके में सड़क किनारे पैदल चल रही एक महिला को बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी हादसे में महिला गंभीर रूप से जख्मी होकर बाढ़ अनुमंडल अस्पताल पहुंची जहां घंटे महिला का इलाज होता रहा तब जाकर महिला को कुछ राहत मिली घायल महिला की पहचान मोनिका कुमारी पति अभिषेक कुमार गोलू बुढाउद्दीन चक निवासी के रूप में हुई है टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल फरार हो गया।

### आधे घंटे की बारिश ने ड्रेनेज व्यवस्था की खोली पोल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के द्वारा करीब एक महीना पहले से बरसात के पूर्व नाला उराही सफाई का कार्य करवाया जा रहा था लेकिन मानसून के पहले आधे घंटे की बारिश नहीं शहर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दे दिया चक मोहल्ले के नगर अध्यक्ष के घर के सामने का यह नजारा है जहां आधे घंटे की बारिश ने गंदे नल का पानी सड़क पर आ जाने से व्यवस्था ध्वस्त हो गई लोगों को करीब 2 फीट से भी ज्यादा पानी से होकर आना जाना पड़ा जिसके चलते सफाई व्यवस्था को लेकर लोग नाराज नजर आए।


### उद्घोषणा के बाद भी रेल यात्री अपने जान को खतरे में डालकर करते हैं रेलवे ट्रैक पार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर दो-दो रेलवे ऊपरी पैदल पुल होने के बावजूद भी रेल यात्री शॉर्टकट विधि अपनाते हुए रेलवे ट्रैक को पार करके आने जाने में आस्था रखते हैं हालात यह है कि कई बार लोगों की मौत हो जाने के बाद भी यात्रियों में जागरूकता नहीं है जबकि बाढ़ के रेलवे स्टेशन पर थ्रू ट्रेन पर करने से पहले लगातार उद्घोषणा की जाती है इसके बावजूद भी रेल यात्री रेलवे नियमों की अभेलना करते हुए अपने जान को खतरे में डालकर आना-जाना करते हैं हादसा हो जाने पर लोग हंगामा भी करते हैं ऐसी स्थिति में रेल विभाग को इस तरह के रेलवे नियमों की अभेलना करने वाले यात्रियों पर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि हादसा को रोका जा सके अभी हाल के दिनों में बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर दो महिलाएं की रेल से कट कर दर्दनाक मौत हो गई थी उसके बावजूद भी लोग रेलवे ट्रैक को पार करने में गुरेज नहीं करते हैं।



### अथमलगोला स्टेशन बाजार रोड में भारी जलजमाव, ग्रामीण परेशान

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र,अथमलगोला स्टेशन बाजार बहादुरपुर व करजान रोड,आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। गुरूवार की सुबह रात हुई बारिश ने इन दोनों मुख्य मार्ग को झील में तब्दील कर दिया है। आलम यह है कि बहादुरपुर रोड मार्ग पर पानी जमा है, जिससे मार्केटिंग करने वाले हजारों राहगीर को गंदे पानी में घुसकर आ जा रहे हैं।हालांकि ये उनकी नियति नहीं बल्कि मजबूरी भी है। यह कोई सामान्य सड़क नहीं है, बल्कि ये 25 से अधिक गांव को और अथमलगोला रेलवे स्टेशन और मुख्य बाजार से जोड़ने वाली जीवन रेखा है। स्थानीय राहगीर राहुल ने बताया कि प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने में पूरी तरह विफल रहा है। प्रतिदिन यहाँ से हजारों लोग जिसमें बच्चे, महिलाएं, मरीज और आम लोग गुजरते हैं, जिन्हें इस नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ता है।राहगीरों का कहना है कि अभी तो बस शुरूआत है।



# ईंधन बचाओ और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल रैली, जागरूकता अभियान तेज








**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मोकामा द्वारा पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर चलाए जा रहे साप्ताहिक स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को शहर में भव्य साइकिल रैली निकाली गई। 'ईंधन बचाएं, पेट्रोल-डीजल बचाएं' और 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर आयोजित इस रैली का उद्देश्य नागरिकों को साइकिल के उपयोग, ईंधन संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना था।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी श्री संतोष रजक और सभापति निलेश कुमार के नेतृत्व में यह रैली नगर परिषद कार्यालय से शुरू होकर वार्ड 28 तक के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते हुए निकाली गई। रैली के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियानों को भी घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।इस कार्यक्रम में नगर सभापति निलेश कुमार,ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र कुमार सिंह, नगर प्रवक्ता महेश सिंह, पार्षद धीरज सिंह, प्रतिनिधि पार्षद दानी सिंह, पार्षद अवध कुमार, पार्षद समीर कुमार,सहित बड़ी संख्या में नगर कर्मी, स्वच्छता कर्मी, स्वच्छता वीर और आम नगरवासी शामिल हुए।नगर परिषद मोकामा द्वारा वार्ड 1 से 28 तक साप्ताहिक पर्यावरण संरक्षण स्वच्छ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत हर दिन अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, ईंधन बचत और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जोड़ा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि साइकिल रैली जैसे आयोजनों से लोग प्रेरित हो रहे हैं और पेट्रोल-डीजल की बचत के साथ सेहत का भी ध्यान रख रहे हैं।सभापति निलेश कुमार ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़ा बदलाव आता है। अगर हम रोजाना के कामों के लिए साइकिल का इस्तेमाल करें और एक पेड़ जरूर लगाएं, तो पर्यावरण को काफी फायदा होगा।

## मसौढ़ी में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, गैस गोदाम के पास से मिली बीयर और शराब की खेप



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अवैध शराब खिलाफ चल रही छापेमारी के दौरान बुधवार की देर शाम को मसौढ़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम तारेगना स्थित इंडियन गैस गोदाम के पास से एक युवक को अवैध शराब की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान उपेन्द्र कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता स्व. मिथिलेश चौधरी, निवासी कुम्हारटोली, थाना मसौढ़ी, जिला पटना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 500 एमएल वाली के 12 पीस, 375 एमएल का 100 पाईपर का 01 पीस, 750 एमएल का 01 पीस और 750 एमएल का के 02 पीस बरामद किए हैं। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी और कहां सप्लाई की जानी थी। बिहार में शराबबंदी लागू है और पुलिस लगातार अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई कर रही है।

## बाढ़ से पहले धनरुआ में युद्ध स्तर पर तैयारी, 16 जगहों पर कटावरोधी कार्य और बालू बैग का भंडारण शुरू

**अंचल प्रशासन ने चिन्हित किए संवेदनशील स्थल, हर साल 8 पंचायतें होती हैं प्रभावित**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संभावित बाढ़ को देखते हुए धनरुआ अंचल प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पिछले वर्षों में बाढ़ से प्रभावित रहे स्थलों को चिन्हित कर वहां बालू भरे बैग का भंडारण किया जा रहा है। साथ ही टूटे तटबंधों की मरम्मत और कटावरोधी कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं। धनरुआ अंचल में हर साल 8 पंचायतों को बाढ़ की आपदा झेलनी पड़ती है। इसे देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड में है। फिलहाल 16 संवेदनशील जगहों पर कटावरोधी कार्य चल रहा है और आपातकाल के लिए बालू भरे बैग तैयार रखे जा रहे हैं। तटबंध टूटने की स्थिति में इनका तुरंत इस्तेमाल किया जाएगा। प्रशासन ने जिन जगहों को चिन्हित किया है उनमें हुलासचक वीर पंचायत का बहोरीचक दौलता, जियाउद्दीन चक, छितरौली कुशवन, डोमन बीघा, निजामत, नुसरतपुर शामिल हैं। वहीं छाती पंचायत के अमरपुरा, बांसबिगहा, मोरियावां, डेवां, रेपुरा, भेड़गावां, दरियापुर, देवधा पंचायत के अलीपुर, नदपुरा तथा धनरुआ पंचायत के रमनीबिगहा, डुमरा पुल,बहरामपुर के अरमरल,चकरमल समेत अन्य पंचायतों मे चिन्हित जगहों पर विशेष नजर रखी जा रही है।अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि दरधा नदी में कुल 31 जगहों पर और कररुआ नदी में 6 जगहों पर कटावरोधी कार्य किया जाना है। संवेदनशील तटबंधों के पास बालू भरे बैग का भंडारण किया जा रहा है ताकि बाढ़ की स्थिति में तुरंत बचाव कार्य शुरू किया जा सके। प्रशासन का दावा है कि इस बार पहले से तैयारी पूरी कर ली जाएगी ताकि बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम से कम किया जा सके।

## सरदार पटेल कॉलेज और साथी फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**दनियावां(पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपी-2020) के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता समीपवर्ती साथी फाउंडेशन, हिलसा और सरदार पटेल कॉलेज, हिलसा के बीच हुआ है। इस एमओयू के तहत, दोनों संस्थान स्नातक स्तर के क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम (एईसी-4) वोलेंटियरशिप प्रोग्राम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। गुरुवार को इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ज्वाला प्रसाद धनानवी ने कहा कि नई शिक्षा नीति केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। यह विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हुए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने पर जोर देती है। उन्होंने बताया कि यह समझौता विद्यार्थियों को समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता अभियान और विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का अवसर देगा। साथी फाउंडेशन,हिलसा के सचिव अभय प्रताप और सहायक समन्वयक आशीष कुमार ने कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ना राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस साझेदारी से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। इस मौके पर सरदार पटेल कॉलेज के एनईपी समन्वयक सह कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह, प्रो. दिनेश प्रसाद, प्रो. दिव्या कुमारी, प्रधान सहायक अभिजीत राज और तकनीकी सहायक राणा प्रताप और साथी फाउंडेशन से जुड़े सदस्य विकास, सुमित, राकेश, धर्मपाल, पंकज यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### धनरुआ में पीएम मातृ वंदना योजना के नाम पर साइबर ठगी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र की लाभुक महिलाएं साइबर ठगों का शिकार हो रही हैं। ठग प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत खाते में पैसा ट्रांसफर करने के नाम पर फोन कर ओटीपी मांग रहे हैं। ओटीपी बताते ही लाभुकों के खाते से रुपये गायब हो जा रहे हैं। ठग खुद को धनरुआ सीडब्पीओ कार्यालय का कर्मचारी बताकर लाभुकों को फोन करते हैं। फोन पर कहा जाता है कि आपके खाते में मातृ वंदना योजना का पैसा भेजा जा रहा है, ओटीपी बताइए। जैसे ही लाभुक ओटीपी साझा करती हैं, उनके खाते से पैसे निकाल लिए जाते हैं। कोसुत पंचायत के शिबूचक की लाभुक सुमन कुमारी के खाते से ₹5000 निकाल लिए गए। मानिक बीघा में एक लाभुक के खाते से ₹20,000 उड़ा लिए गए। जानकारी के अनुसार प्रखंड के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों की कई महिलाएं भी इस ठगी का शिकार हो चुकी हैं। बहरहाल यह केंद्र सरकार की मातृत्व लाभ योजना है।

## महिला को गोली मार कर जख्मी करने के मामले में फरार आरोपित ने किया कोर्ट में सरेंडर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के चकजीया में पैक्स गोदाम के पास जानलेवा हमला कर महिला को गोली मारने के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी बिट्टू कुमार नेक कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।आरोपी बिट्टू कुमार, पिता स्व. रामसेवक, बहोरचक का रहने वाला है।यह घटना बीते 19 दिसंबर 2025 की है। इस मामले में पीड़ित विपिन कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता स्व. रामप्रवेश प्रसाद, ग्राम-हुलासचक ने थाने में आवेदन दिया था। विपिन के अनुसार, 19-12-2025 को सुबह करीब 1:00 बजे उनके चाचा उपेन्द्र प्रसाद पैक्स गोदाम, चकजीथा में धान देने गए थे। इसी दौरान 9 की संख्या में हथियारबंद लोग गोदाम के समीप पुल पर आए और चाचा के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उपेन्द्र प्रसाद के साथ मारपीट की सूचना पर गांव के पुरुष-महिला बीच-बचाव करने पहुंचे। सुबह करीब 7:30 बजे सभी आरोपी एकजुट होकर ग्रामीणों से भी लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। इसी बीच मिथलेश कुमार उर्फ हुड्डू तथा बिट्टू कुमार ने पिस्तौल से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में विपिन की माँ मीना देवी के दोनों पैर में एक-एक गोली लग गई थी पुलिस के सहयोग से घायल मीना देवी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धनरुआ और फिर बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर किया गया था।थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड में कुल 9 लोग नामजद हैं। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दिनकर ने कहा था - विशारद जी की प्रतिमा लगा, स्वर्ण-मेखला से ॠंगार ही सच्ची श्रद्धांजलि

**जयंती पर साहित्य सम्मेलन में श्रद्धा पूर्वक किए गए स्मरण, आयोजित हुई लघुकथा-गोष्ठी**



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के रजत जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने, सम्मेलन की स्थापना के सूत्रधार बाबू रामधारी प्रसाद 'विशारद' को श्रद्धा-पूर्वक स्मरण किया था और कहा था कि साहित्य सम्मेलन अपने प्रांगण में उनकी भव्य प्रतिमा लगाए और उसे स्वर्ण-मेखला से घेराबंदी करे। इससे कम में उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि नही हो सकती। 'विशारद' के महान उद्यम से ही सम्मेलन की स्थापना हुई थी। वे इसके मुख्य सूत्रधार थे। सबसे पहले इनके ही मन में प्रांतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थापना का विचार आया और उन्होंने देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद की स्वीकृति प्राप्त कर, हिन्दी सेवियों को 19 अक्टूबर, 1919 को मुजफ़्फ़रपुर के हिंदू भवन में आहूत किया, जिसमें साहित्य सम्मेलन की स्थापना का निर्णय लिया गया। अपने जीवन-काल तक वे सम्मेलन के पर्याय बने रहे। यह बातें, गुरुवार को, साहित्य सम्मेलन में, 'विशारद' जी की 126 वीं जयंती पर आयोजित समारोह और लघुकथा गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि विशारद जी, भागलपुर के बौंसी में आहूत हुए, सम्मेलन के १९वें अधिवेशन के सभापति चुने गए थे। इसके पूर्व वे अनेक वर्षों तक सम्मेलन के प्रधानमंत्री और उपसभापति भी रह चुके थे। हिन्दी के उन्नयन के लिए की गयी उनकी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हीं के कारण यह संस्था हिन्दी की अमूल्य सेवाएं कर सकी है। सम्मेलन परिसर में उनकी प्रतिमा लगे इसके लिए हम शीघ्र प्रयास आरम्भ करेंगे।

## 15 जून से पंचायत स्तर पर शुरू होगा 'शारदीय खरीफ महा अभियान'

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरीफ सीजन में किसानों को नई तकनीक और योजनाओं से जोड़ने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस ली है। प्रखंड कृषि कार्यालय की ओर से 'शारदीय खरीफ महा अभियान' के तहत पंचायत स्तरीय कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान की शुरूआत आगामी 15 जून से की जाएगी।अभियान की शुरूआत चरमा पंचायत से होगी। इसके लिए प्रखंड कृषि कार्यालय ने रोस्टर जारी कर दिया है। पहले चरण में कार्यक्रम चरमा पंचायत के सामुदायिक भवन में आयोजित किया जाएगा। इसी आधार पर मसौढ़ी प्रखंड के सभी पंचायतों में निर्धारित तिथि पर चौपाल लगाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए सभी कृषि सलाहकार, कृषि समन्वयक समेत अन्य कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। ये टीम पंचायत स्तर पर किसानों को योजनाओं की जानकारी देगी। वहींअभियान से पहले आज यानी 12 जून, शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें कृषि कर्मियों को अभियान के उद्देश्यों और विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। चौपाल में किसानों को खरीफ सीजन की मुख्य फसलों के साथ नई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।

## फिर खनकेंगी रसोई में करछियां, बुंदेली शेफ सीजन 4 का काउंटडाउन शुरू

**25 जून से शुरू होगी स्वाद और हुनर की नई यात्रा, अगस्त के अंत में मिलेगा सीजन 4 का विजेता**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इन दिनों बुंदेलखंड की कई रसोइयों में मसालों की खुशबू के साथ एक अलग तरह का उत्साह भी पक रहा है। कहीं नई रेसिपी पर प्रयोग हो रहे हैं, कहीं दादी-नानी के पुराने स्वाद फिर से याद किए जा रहे हैं, तो कहीं महिलाएं अपनी सबसे खास डिश को और बेहतर बनाने में जुटी हैं। वजह है 'बुंदेली शेफ सीजन 4', जिसका इंतजार, जो कि अब धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप लेने लगा है। पिछले तीन सीजन्स में अनगिनत सपनों को पहचान देने वाला यह मंच अब अपने अगले अध्याय की ओर बढ़ रहा है और इसके साथ ही सम्पूर्ण बुंदेलखंड में स्वाद, हुनर और आत्मविश्वास की नई हलचल महसूस की जा सकती है। बुंदेलखंड द्वारा आयोजित इस लोकप्रिय ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता का पहला ऑडिशन 25 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरा ऑडिशन 10 जुलाई और तीसरा ऑडिशन 20 जुलाई को होगा। उपरोक्त ऑडिशन राउंड्स में बुंदेलखंड की महिला प्रतिभाएँ अपनी सबसे खास रेसिपीज और अनूठे स्वाद का जादू बिखेरेंगी। इन पड़ावों से गुजरकर 15 प्रतिभागी जुलाई के अंतिम सप्ताह में होने वाले क्वार्टर फाइनल तक पहुँचेंगी, जहाँ मुकाबला और भी दिलचस्प हो जाएगा। इसके बाद अगस्त के पहले सप्ताह में सेमी फाइनल का रोमांच देखने को मिलेगा, जिसमें 8 चयनित प्रतिभागियों के साथ 3 वाइल्ड कार्ड एंट्री भी अपनी किस्मत आजमाएंगी।

## दनियावां में खरीफ महाअभियान: बीज उपचार से रोपनी तक किसानों को मिली जरूरी जानकारी




**दनियावां/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरीफ सीजन की शुरूआत से पहले दनियावां प्रखंड में शारदीय महाअभियान-2026 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), पटना द्वारा आयोजित इस 'खेत बचाओ अभियान' में 6 पंचायतों के 33 राजस्व ग्रामों के 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

**बीज उपचार पर विशेष जोर**

पूर्व आत्मा अध्यक्ष एवं प्रगतिशील किसान संघ के सुनील कुमार ने किसानों को बताया कि धान के बीज को 24 घंटे पानी में भिगोकर निकालने के बाद वेबस्टिन पाउडर से बीजोपचार करना जरूरी है, ताकि फसल को मजबूती मिले। कृषि समन्वयक अमृता कुमारी ने राजेंद्र-1, पान यमुना, गंगोत्री जैसे 140-150 दिन में तैयार होने वाले हाइब्रिड बीजों की बुआई की सलाह दी। रोहिणी नक्षत्र की बारिश से खेतों में नमी को देखते हुए विशेषज्ञों ने इसे बीज डालने का उपयुक्त समय बताया। कई प्रगतिशील किसान पिछले सप्ताह ही बीज डाल चुके हैं।

**खेत बचाओ और फसल विविधता**

प्रशिक्षण में मिट्टी उपचार, खाद-बीज का चयन, धान रोपनी और नालियों की सफाई पर भी विस्तार से चर्चा हुई। यह भी बताया गया कि इस खरीफ सीजन में दनियावां में मक्के की खेती काफी कम हुई है। कार्यक्रम में पौधा संरक्षण संभाग के मुकेश कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अनीता कुमारी, पशुपालन विभाग की सोनी कुमारी, किसान सलाहकार शिवकुमार चौधरी, राजेश रंजन, प्रवीण कुमार, महेश कुमार और खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार सहित कृषि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसानों ने कहा कि इस प्रशिक्षण से धान रोपनी से पहले उन्हें व्यावहारिक जानकारी मिली।

**प्रभारी पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े**

परीक्षा ड्यूटी के कारण प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी लखिमचंद्र ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने खरीफ महोत्सव की सफलता की कामना करते हुए कहा कि कृषि विशेषज्ञों की सलाह से किसानों की उत्पादकता में निश्चित वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सारण व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता की हृदयाघात से मौत

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय में विधि मंडल के मुख्य कक्ष के सामने बैठे एक अधिवक्ता की गुरुवार को हृदयाघात से मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के प्रभुनाथ नगर दहियांवा टोला मोहल्ला निवासी सुरेश तिवारी प्रति दिन की तरह गुरुवार को व्यवहार न्यायालय में अपने कुर्सी पर बैठ कर काम करने के दौरान अचानक ही बेहोश होकर गिर गये। जिसे देखकर वहां मौजूद अन्य अधिवक्ता इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने हृदयाघात से उनके मौत की सूचना दी। सूत्रों ने बताया कि इस घटना की जानकारी उनके परिवार के सदस्यों को दी गई। जिसके बाद वे शव को लेकर चले गए।

### सारण में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा- थावें रेलखंड के राजापट्टी स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। राजकीय रेल पुलिस सूत्रों ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के नगरपालिका चौक मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश राय का पुत्र शिवम कुमार उर्फ दीपक(19) ट्रेन संख्या 55109 से गोपालगंज से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान राजापट्टी स्टेशन पर वह उस ट्रेन में चढ़ने के दौरान उसकी चपेट में आ गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मशरक राजकीय रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने के साथ ही इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी दे दी है।

### सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में सारण जिले के मकेर थाना क्षेत्र में सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फुलवरिया गांव निवासी अजहर अली(47) अपने साइकिल से घर से बाहर जा रहा था। इसी दौरान मुख्य पथ पर अनियंत्रित स्कार्पियो गाड़ी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी लेकर भाग निकला है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने के साथ ही मृतक के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से व्यक्ति की मौत

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ढाका-मोतिहारी मुख्य मार्ग पर लालबेगिया स्थित सिकरहना नदी पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही चिरैया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए सदर अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है, क्योंकि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अवर निरीक्षक मधुकर कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद संबंधित वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

# ज्ञान, साहित्य एवं संस्कृति को बढ़ावा देता है पुस्तक मेला

### पुस्तक मेले का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्ञान साहित्य संस्कृति एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मुंगेर पुस्तक मेला 2026 का स्थानीय इंडोर स्टेडियम में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक चंद्र भूषण द्वारा जिला पदाधिकारी को अंग वस्त्र एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है के जिले में इस तरह के पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है, परन्तु पिछले 12 वर्षों से ऐसा आयोजन नहीं हो पाना दुःखद है। इस तरह के आयोजन प्रायः जिले में आयोजित होने चाहिए, ताकि युवाओं विशेष कर पढ़ने लिखने वालों के लिए यह एक अच्छी पहल होंगी। उन्होंने कहा कि पुस्तकें समाज को दिशा देने का कार्य करती हैं तथा व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अध्ययन व्यक्तित्व निर्माण और ज्ञानवर्धन का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों से पुस्तक मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अध्ययन करने तथा अपने ज्ञान के दायरे को विस्तृत करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पुस्तक मेला केवल पुस्तकों की खरीद-बिक्री का मंच नहीं है, बल्कि यह विचारों के आदान-प्रदान, साहित्यिक संवाद और बौद्धिक चेतना को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन जिले में पठन-पाठन की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को साहित्य और ज्ञान की दुनिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी ने मेले में लगाए गए विभिन्न पुस्तक स्टॉलों का अवलोकन किया तथा प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं से उपलब्ध पुस्तकों एवं साहित्यिक सामग्री के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों, युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध पुस्तकों की विविधता की सराहना की। पुस्तक मेले में साहित्य, इतिहास, विज्ञान, तकनीक, कला, संस्कृति, बाल साहित्य, धार्मिक एवं आध्यात्मिक ग्रंथों सहित विभिन्न विषयों की हजारों पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। मेले में स्थानीय लेखकों की कृतियों के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध साहित्यकारों की पुस्तकों को भी स्थान दिया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे आगंतुकों को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त होगा।समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पुस्तकों के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक सोच, रचनात्मकता एवं जागरूकता का विकास संभव है। पुस्तक मनुष्य के अकेलेपन को दूर करने का बेहतरीन साथी है, इसलिए पुस्तकों से दोस्ती करें और अधिक से अधिक अपना ज्ञान वर्धन करें। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समय की आवश्यकता बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं आयोजकों की सराहना की।उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी कमल किशोर, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अंकित कुमार सहित शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, साहित्यकार, प्रकाशक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।मुंगेर पुस्तक मेला 2026 आगामी 14 जून तक तक पूर्वाहन 11 बजे से 6 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा, जहां आगंतुक विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अवलोकन एवं क्रय कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से पुस्तक मेले में पहुंचकर इस ज्ञानोत्सव का हिस्सा बनने की अपील की है।

## सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत के बाद उबाल, चार घंटे तक बंद रहा मुख्य मार्ग

### दो घंटे लगातार होता रहा पथराव, पुलिस को भीड़ नियंत्रण के लिए करनी पड़ी फायरिंग

**जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के खैरा बाजार में सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत के बाद पूरा बाजार रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। घटना के करीब चार घंटे बाद तक मुख्य मार्ग पर वाहनों का परिचालन पूरे तरीके से बंद रहा तो वहीं पूरा बाजार भी बंद हो गया। गुरुवार सुबह 07 बजे एक गिट्टी लदे हाइवा ने कोचिंग जा रही एक छात्रा को कुचल दिया. इस दौरान छात्रा करीब 15फीट तक ट्रक के नीचे घिसटती चली गई, जिस से मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया. आक्रोशित लोगों ने सबसे पहले घटनास्थल पर बांस लगाकर सड़क को जाम कर दिया, इसके बाद खैरा-सोनो मोड़ पर भी जाम लगा दिया. इसके बाद सभी लोग खैरा थाना चौक पहुंचे और उसे भी जाम कर दिया. इसके बाद उपद्रवियों ने खैरा थाना पर हमला बोल दिया और वहां जमकर पुलिस की दो गाड़ियों में तोड़फोड़ की. लोगों ने थाना परिसर में खड़ी गाड़ियों को अपना निशाना बनाया और उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया. वहां मौजूद पुलिस के जवान और महिला जवानों के साथ मारपीट की. इस दौरान पुलिस को भीड़ नियंत्रण के लिए गोली भी चलानी पड़ी है. बताते चलें कि करीब दो घंटे से भी अधिक समय तक पुलिस पर पथराव और झड़प होता रहा, जिसे शांत करने के लिए पुलिस को करीब एक दर्जन राउंड गोली चलानी पड़ी. भीड़ इतनी उग्र थी कि खैरा हाई स्कूल चौक से लेकर खैरा थाना चौक और गोपालपुर मोड़ तक सड़क पर पत्थरों का अंबार बन गया. इस दौरान उपद्रवियों ने कई दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया है तथा इस में खैरा अंचलाधिकारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी को चोटें भी आई है. घटना के करीब तीन घंटे बाद जिला पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त जवान तथा पकरी से एसएसबी जवान मौके पर पहुंचे. इस दौरान एडीएम, एसडीएम, एसडीपीओ, हेडक्वार्टर डीएसपी सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृत छात्रा के परिजनों से बातचीत की। पुलिस ने आधा दर्जन के करीब लोगों को हिरासत में भी लिया है। जमुई एसपी विश्वजीत दयाल ने बताया कि सुबह करीब 7:00 बजे के करीब की घटना है। हाईवे जमुई की तरफ आ रहे थे और वह खैरा बाजार से गुजर रही थी, तभी एक बच्ची हाइवा की चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना के बाद थाना के पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन आम लोगो जो घटना के बाद उग्र हो गई और रोड़ेबाजी करने लगे। फिलहाल मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचकर विधि व्यवस्था को सामान्य बनाने में लगे हुए हैं,अभी स्थिति सामान्य है।


**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Sanjay Prakash,** S/o Mahamaya Prasad Vinod Dharampur Jafar, Amnour, Saran, Bihar - 841401

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026

*Name of Constituency: Biennial election to the Legislative council 2026

I **Sanjay Prakash** a candidate for the Above mentioned election,

declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | ए.सी.जे.एम.–1 सह एमपी/ एमएलए कोर्ट, पटना। | कोतवाली थाना, पटना कांड सं. 469/2015 Pending | भारतीय दंड संहिता की धाराएं – 143, 341, 188, 431, 290 प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति प्राप्त किए जुलूस निकालने एवं मार्ग अवरूध करने के संबंध में | लागू नहीं | लागू नहीं |

**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: Anil Thakur, S/O Sachchidanand Thakur, Vill.- Kathaili, P.O.-Ekamba, P.S.-Jalalgarh, Dist.- Purnea

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026

*Name of Constituency: Biennial election to the Legislative council 2026

I **Anil Thakur** a candidate for the Above mentioned election,

declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | पियूष चावला जे.एम. फस्ट क्लास पूर्णिया | जलालगढ़ थाना कांड सं.–36/ 2010 Pending | 341, 323, 353, 379 427, 504, 24 आईपीसी गृह अतिचार एवं शांति भंग करना | लागू नहीं | लागू नहीं |


### प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या, तीन संदिग्ध हिरासत में

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। मामले की जांच कर रही पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है तथा घटना में प्रयुक्त खून से सना चाकू बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मधुबन थाना क्षेत्र के भेलवा पंचायत अंतर्गत गुलाब खां गांव के वार्ड संख्या-11 में पप्पू खां के 20 वर्षीय पुत्र की अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और तनाव का माहौल है। प्राथमिक जांच में घटना के पीछे प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। बताया जाता है कि युवक को अकेला पाकर अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मधुबन थानाध्यक्ष प्रवीण पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना में प्रयुक्त खून से सना चाकू भी बरामद कर लिया गया है। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। गांव में एहतियातन पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि मामले का शीघ्र खुलासा कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### पति ने गोली मारकर की पत्नी की हत्या

**मधुबनी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में मधुबनी जिला के फुलपरास थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरली गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीती रात एक पति ने अपनी पत्नी की सोते अवस्था में गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका की पहचान राम कुमार साहू की पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी राम कुमार साहू ने दो शादियां की थीं। हैरान करने वाली बात यह है कि उसकी दूसरी पत्नी संगीता देवी, उसकी पहली पत्नी की सगी बहन थी। बताया जा रहा है कि दोनों बहनों के बीच अकसर तीखी बहस और घरेलू विवाद हुआ करता था। इसी पारिवारिक कलह से तंग आकर पति ने अपनी दूसरी पत्नी संगीता को रास्ते से हटाने का खौफनाक कदम उठाया। मृतका अपने पीछे दो बेटों को छोड़ गई है, जिनमें बड़े बेटे गणेश कुमार साहू की उम्र 15 वर्ष और छोटे बेटे कार्तिक कुमार साहू की उम्र 13 वर्ष है। घटना के बाद से ही आरोपी पति मौके से फरार है। फुलपरास थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। फुलपरास थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।

### सिपाही भर्ती फर्जीवाड़ा मामले में तीन गिरफ्तार

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिपाही भर्ती के फजीर्वाड़ा मामले में गिरफ्तार सफियासराय थाना क्षेत्र के तीन आरोपित की गिरफ्तारी के बाद महमदपुर फरदा एवं बाक टोला फरदा गांव में हरकम मच गई। फर्जीवाड़ा मामले में पटना के सचिवालय थाना में 500 लोगों पर दर्ज किए गए प्राथमिक में तीन आरोपी की गिरफ्तारी सफियासराय थाना अध्यक्ष संजीत कुमार ने करने के बाद बताया कि छोटू कुमार एवं वरुण कुमार दोनों भाई हैं जो किसान सोहन यादव के पुत्र बताए गए हैं। जबकि रंजन कुमार पिता किसान रामचंद्र यादव के पुत्र है सभी लोग पढ़ने लिखने वाले छात्र-छात्रा तो जरूर है पर फजीर्वाड़ा करने की शिकायत पूछताछ के बाद ग्रामीणों से पता चला है।

## 'खेत बचाओ अभियान' से जुड़ें किसान, मिट्टी की उर्वरता बचाना समय की मांग : राधा मोहन सिंह



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत गुरुवार को महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, पिपराकोठी में 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने उपस्थित अनुसूचित जाति के लगभग 500 से अधिक किसान भाइयों-बहनों को संबोधित किया। श्री सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भा.कृ.अनु.प - महात्मा गांधी एकीकृत कृषि अनुसंधान संस्थान पिपराकोठी, मोतिहारी के अंतर्गत अनुसूचित जाति समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए अनुसूचित जाति उप-योजना बहुत ही प्रभावी ढंग से चलाई जा रही है। चूंकि यह संस्थान विशेष रूप से एकीकृत कृषि प्रणाली पर काम करता है, इसलिए यहां की योजनाएं किसानों को एक ही जमीन पर खेती, पशुपालन और मछली पालन को एक साथ जोड़कर आय बढ़ाने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा कि "खेत बचाओ अभियान' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का एक जन आंदोलन है।श्री सिंह ने कहा कि हमारे किसान भाई- बहनों को यह समझना होगा कि खेत की उर्वरता केवल उर्वरकों से नहीं, बल्कि मिट्टी में उपस्थित जैविक कार्बन, सूक्ष्मजीवों और पोषक तत्वों के संतुलन से बनी रहती है।

## शहर में जीएसटी टीम का छापा पड़ने से व्यवसायियों में हड़कंप

### बिना बिल सामान की डिलीवरी की सूचना पर हुई कार्रवाई

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के सदर बाजार क्षेत्र में जीएसटी विभाग की अचानक हुई कार्रवाई से व्यापारियों के बीच हड़कंप मच गया। मुंगेर जीएसटी विभाग की टीम ने सुबह करीब 10 बजे छोटी पोस्ट ऑफिस गली स्थित मुरारी पटवा की दुकान पर छापेमारी कर दस्तावेजों की गहन जांच की। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों और व्यवसायियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, जीएसटी विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सूरजगढ़ा से बिना वैध बिल और आवश्यक कागजात के सामान की आपूर्ति की गई है। सूचना के आधार पर विभागीय टीम तत्काल सदर बाजार पहुंची और संबंधित दुकान में जांच शुरू कर दी। टीम ने दुकान से जुड़े खरीद-बिक्री के अभिलेख, स्टॉक रजिस्टर तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इधर, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जीएसटी अधिकारियों के पहुंचते ही पूरे बाजार में चर्चा का माहौल बन गया। कई दुकानदार अपनी दुकानों से निकलकर मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चचाएं होने लगीं। करीब काफी देर तक विभागीय अधिकारी दुकान में मौजूद रहकर जांच-पड़ताल करते रहे। इस बावत दुकानदार मुरारी पटवा एवं उनके पुत्र सोनू ने बताया कि जीएसटी विभाग की टीम जांच के लिए आई थी। अधिकारियों ने कुछ दस्तावेजों की जांच की और उन्हें आगे की पूछताछ एवं आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने के लिए विभागीय कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

## गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं निदेशक ने दिए विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सुझाव



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** री-नीट 2026 के अंतिम दिनों के लिए गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह के विद्यार्थियों के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिया हैं। री- नीट 2026 अब अत्यंत निकट है, ऐसे समय में घबराहट नहीं, बल्कि सही रणनीति सफलता तय करेगी। पिछले 28 वर्षों के अनुभव के आधार पर उन्होंने विद्यार्थियों के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं- 1. नया पढ़ने की गलती न करें अंतिम दिनों में किसी नए चैप्टर या नए स्रोत के पीछे भागने के बजाय केवल एन सी ई आर टी, अपने क्लास नोट्स और पहले से पढ़े हुए विषयों का रिवीजन करें। 2. एन सी ई आर टी को बनाएं अपना सबसे बड़ा हथियार विशेषकर बायो और केमिस्ट्री में एन सी ई आर टी की प्रत्येक पंक्ति, तालिका, चित्र एवं तथ्य को बार-बार दोहराएं। 3. गलतियों की कॉपी तैयार करें पिछले टेस्ट में हुई गलतियों को एक अलग नोटबुक में लिखें और प्रतिदिन उसका पुनरावलोकन करें। वही गलती दोबारा न करना ही वास्तविक प्रगति है। 4. रोज परीक्षा जैसा अभ्यास करें प्रतिदिन समयबद्ध तरीके से फुल लेंथ टेस्ट या प्रश्नपत्र हल करें। इससे आपकी गति, सटीकता और आत्मविश्वास तीनों बढ़ेंगे। 5. समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें परीक्षा में प्रश्नों का चयन और समय का सही उपयोग उतना ही महत्वपूर्ण है जितना ज्ञान। पहले आसान और निश्चित प्रश्नों को हल करें। 6. सोशल मीडिया से दूरी बनाएं अफवाहों, कट-ऑफ चचाओं और अनावश्यक तुलना से बचें। आपकी प्रतियोगिता किसी और से नहीं, स्वयं से है। 7. मानसिक संतुलन बनाए रखें तनाव, भय और नकारात्मकता प्रदर्शन को प्रभावित करते हैं। सकारात्मक सोच रखें और अपने परिश्रम पर विश्वास करें। 8. स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें पर्याप्त नींद लें, संतुलित भोजन करें और पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं। स्वस्थ शरीर ही परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है। 9. रैंक नहीं, प्रदर्शन पर ध्यान दें कट-ऑफ और संभावित रैंक की गणना में समय न गंवाएं। आपका लक्ष्य केवल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होना चाहिए। 10. स्वयं पर विश्वास रखें री- नीट आपके लिए दूसरा अवसर नहीं, बल्कि बेहतर अवसर है। यदि आपने पूरे वर्ष ईमानदारी से तैयारी की है तो सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। अंतिम दिनों में घबराने वाले नहीं, बल्कि स्वयं पर विश्वास रखने वाले विद्यार्थी इतिहास रचते हैं।

CMYK

# श्री लक्ष्मी महायज्ञ को लेकर निकाली गयी शोभा यात्रा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के सिहाड़ी बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर जलभरी की शोभायात्रा निकाली गई जिसमे सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा सिहाड़ी बाजार से निकलकर पचरुखिया होते हुए देवहरा पुनपुन नदी घाट पर पहुंची। जहां पंडित आचार्य विनोद मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कार्य सम्पन्न कराई गई। शोभायात्रा पुनः देवहरा से सिहाड़ी बाजार पहुची और कलश को स्थापित किया गया। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 11 जून से शुरू होकर 15 जून 2026 तक चलेगा। प्रतिदिन रात्रि में प्रवचन एवं संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शाम 6 बजे से 10 बजे रात्रि तक प्रवचन किया जाएगा और इसके उपरांत रात्रि में रामलीला अयोध्या के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इसे महायज्ञ को सफल बनाने में कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य महाराज के कृपा पात्र लव कुश महाराज के द्वारा रात्रि में प्रवचन किया जाएगा। इस महायज्ञ में श्रोता पारसनाथ पटेल, अनिल कुमार पांडेय एवं सरजू मिस्त्री भाग ले रहे है। इस महायज्ञ का नेतृत्व नागा साधु के द्वारा किया जा रहा है। इस महायज्ञ को सफल बनाने में पूर्व पंसस रामजीत राम, ललन चौधरी, मुखिया नीलम कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार, पंसस धनंजय कुमार उर्फ मुन्ना,राम औतार राम, डॉ देवलाल राम, मोती राजवंशी, नारायण प्रजापति, अनिल सिन्हा, भीम राजवंशी, कृष्णा विश्वकर्मा, बलवंत कुमार, मुन्ना पांडेय, अजित कुशवाहा, अनुज कुमार, अविनाश चौरसिया, शैलेश पान दुकान, देव प्रसाद मिस्त्री सहित सभी ग्रामीण जनता का सहयोग सराहनीय रहा।

# सदर अस्पताल में कार्यरत ममता कर्मी की मौत


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल में कार्यरत ममता कर्मी की मौत हो गई। मृतका की पहचान नगर थाना क्षेत्र के कामा बिगहा निवासी सीताराम रविदास की 41 वर्षीय पत्नी निर्मला देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। हृदय संबंधी बीमारी के कारण परिजन उन्हें 6 जून को बेहतर इलाज के लिए गुजरात के अहमदाबाद ले गए थे। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गुरुवार को उनका शव औरंगाबाद पहुंचते ही परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे और मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। परिजनों के साथ पहुंचे वार्ड पार्षद धर्मेंद्र पासवान ने कहा कि आशा और ममता कर्मी बहुत कम मानदेय पर स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाती हैं। वे गांव-गांव जाकर गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने के लिए जागरूक करती हैं लेकिन उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पाती। उन्होंने मृतका के परिवार को उचित मुआवजा देने और उनकी बहू को ममता कर्मी के रूप में बहाल करने की मांग की। सूचना मिलने



पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार अस्पताल पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से निर्धारित प्रावधानों के तहत जो भी सुविधाएं और सहायता उपलब्ध होंगी, उन्हें दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधक प्रफुल्ल कांत निराला ने कहा कि निर्मला देवी एक मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ ममता कर्मी थीं। स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मियों की संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। घटना के बाद सदर अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# अमित फिजिकल एकेडमी में चयनित सैनिकों का हुआ सम्मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अमित फिजिकल एकेडमी, ढोल धनामा के द्वारा सफल चयनित सैनिकों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रफीगंज विधानसभा प्रत्याशी डॉ. गुलाम शाहिद, अरथुआ पंचायत के मुखिया प्रत्याशी, योगेंद्र यादव एवं युवाओं के चहेता तारिक इमाम, डॉ तुलसी यादव एवं संतोष कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने इंडियन आर्मी एवं बिहार पुलिस में चयनित नौजवानों को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. गुलाम शाहिद ने एकेडमी के संचालक अमित यादव की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भारतीय सेना एवं बिहार पुलिस की शारीरिक परीक्षा के लिए तैयार कर सफलता दिलाना एक प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने अमित यादव को इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए बधाई दी। सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए अतिथियों ने कहा कि उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के कई युवा एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**एकेडमी के सफल चयनित अभ्यर्थीः**

इंडियन आर्मी में चंदन कुमार, प्रेम कुमार, अमरजीत कुमार और
बिहार पुलिस में विकास कुमार, अनीश कुमार, मनीष कुमार गुप्ता

# ट्रेन से गिरने के कारण घायल व्यक्ति की मौत

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्रेन से गिरकर ज़ख्मी एक मजदूर की गुजरात में मौत हो गई। मृतक की पहचान आज़न थाना क्षेत्र के मुंशी बिगहा निवासी 45 वर्षीय सुरेंद्र रिकियासन के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार बीते 2 जून को गुजरात में ट्रेन से गिरकर सुरेंद्र रिकियासन जख्मी हो गया था। अस्पताल में इलाज़रत रहने के क्रम में उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर औरंगाबाद पहुंचे। सूचना पर आज़न थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने शव का पोस्टमार्टम करा आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है ताकि परिजनों का भरण-पोषण हो सके।

# फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासन सख्त, प्रतिष्ठानों में सेफ़्टी उपकरणों की उपलब्धता पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** हाल के गंभीर अग्निकांडों की घटनाओं को देखते हुए जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु बिहार राज्य अग्निशमन सेवा के निदेशक के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह अभियान अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिह, अग्निक चालक मंजीत कुमार पाण्डेय एवं अग्निक कुणाल कुमार द्वारा औरंगाबाद जिले के महत्वपूर्ण चिकित्सालय, नसग होम, होटल, लॉज, अतिथि गृह तथा अन्य आवासीय एवं लॉजिग प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य उक्त संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रबंध की उपलब्धता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई अथवा आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध नहीं थे, उन्हें 15 दिनों के अंदर आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु नोटिस निर्गत किया गया। निर्धारित समयावधि के भीतर अनुपालन नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित चिकित्सालय, नसग होम, होटल, लॉज, अतिथि गृह एवं अन्य आवासीय एवं लॉजिग प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सीलिग सहित अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। उक्त क्रम में आज जिले के महत्वपूर्ण संस्थानों, जैसे– नेशनल क्लिनिक, अम्बा; किशोरी कृपा क्लिनिक, नवीनगर; सिटी चिकित्सालय, प्रियव्रत रोड, औरंगाबाद तथा मां कलावती चिकित्सालय, अम्बा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि चेतावनी प्रणाली, धुआँ संवेदक, आपात निकासी योजना, अग्नि निकास संकेतक तथा अग्निशमन यंत्रों की कार्यशीलता की जांच की गई। कई स्थानों पर अग्नि सुरक्षा से संबंधित कमियां एवं अक्रियाशील अग्निशमन यंत्र पाए गए, जिनके अविलंब सुधार एवं आवश्यक अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित संस्थानों को निर्देशित किया गया।

# तीन माह का पेंशन नहीं मिलने से दिव्यांगों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित धर्मशाला में गुरुवार को दिव्यांग जागृति फाउंडेशन की बैठक सचिव नंदलाल राजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांगजनों को पिछले तीन माह से पेंशन नहीं मिलने पर गहरी नाराजगी जताई गई। सदस्यों ने बताया कि 10 तारीख को केवल एक माह का ही पेंशन आया है, जबकि कई दिव्यांगों को अभी तक एक भी किस्त नहीं मिली है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाने और बैटरी चलित 40 गाड़ी वितरण में हो रही देरी पर भी चर्चा की गई। सचिव नंदलाल राजा ने कहा कि पेंशन, यूडीआईडी कार्ड और बैटरी गाड़ी को लेकर प्रखंड प्रशासन से मिलकर जल्द समाधान की मांग की जाएगी।

# लालू यादव के जन्मदिन पर पौधरोपण, स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन उत्साहपूर्वक केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर लालू प्रसाद को बधाई देते उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके बाद पौधरोपण कार्यक्रम के तहत 79 पौधे लगाएं गए। मौके पर जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल, जिला पार्षद अनिल यादव, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता विनोद ठाकुर, राजद जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, सोनू मुखिया, राजद प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार, विकास यादव, सत्येंद्र कुमार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता उपेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र राम एवं राजेश गुप्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने लालू प्रसाद को गरीबों का मसीहा बताते उनके शासनकाल की प्रशंसा की। कहा कि लालू यादव ने अपने शासनकाल में गरीब गुरबों के मुंह में आवाज दी और उन्हें हक व अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। सरकारी दफ्तरों में दलित, महादलित, पिछड़े व अति पिछड़े वर्ग को सम्मान देकर उन्हें मानसिक रूप से मजबूत किया।




## राजद कार्यकर्ताओं ने मनाया लालू प्रसाद यादव का जन्मदिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकर्ताओं ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा उनके सामाजिक न्याय और गरीबों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों की आवाज बुलंद की है। उनके विचार आज भी कार्यकर्ताओं को जनहित के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। वहीं पूर्व प्रमुख मनोज यादव ने कहा कि राजद कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई दिशा मिलने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान संगठन की मजबूती तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।

# इलाज के क्रम में नाबालिग की मौत, सड़क जाम

**गोह(औरंगाबाद)।** गुरुवार को गोह थाना क्षेत्र के दुल्ला विगहा स्थित निजी क्लिनिक में इलाज के क्रम में एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गयाजी जिले के चंदौती थाना क्षेत्र के बलना गांव निवासी सुजीत कुमार के 16 वर्षीय पुत्री स्वीटी कुमारी वर्तमान में बन्देया थाना क्षेत्र के चपरा गांव में अपनी नानी के घर आई हुई थी। बताया जाता है कि आज सुबह करीब 9 बजे उक्त लड़की को पैर में चर्म रोग का इलाज हेतु दुल्ला विगहा स्थित हर्ष क्लिनिक के संजय कुमार के पास भर्ती कराया गया था। जैसे ही इंजेक्शन नाबालिग लड़की को दिया गया, उसकी हालत खराब होने लगी, तथा गुरुवार की दोपहर करीब 2:3० बजे उक्त लड़की की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तथा गुस्साएं ग्रामीणों ने गयाजी-दाउदनगर मुख्य मार्ग पर सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची गोह पुलिस ने आक्रोशितों को किसी तरह से समझाया बुझाकर सड़क को हटवाया गया, तब जाकर यातायात बहाल किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से सुनी फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने गंभीरतापूर्वक और ध्यानपूर्वक सुना। लोगों ने विभिन्न प्रकार के मामलों के समाधान के लिए आवेदन और शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों और आवेदनों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एसडीएसटीई-एसईजी-आईपीएस-एसएसडीएसी-26-आरई, दिनांक 10.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एसईजी-आईपीएस-एसएसडीएसी-26-आरई के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख: 06.07.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के तहत एसएसडीएसी इंस्टॉलेशन के लिए आईपीएस से पृथक विद्युत आपूर्ति का अलगाव कार्य। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 11,71,88,651.74; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 23,43,800; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधताः** 90 दिन। **समापन अवधिः** 9 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 22.06.2026। (HWH-150/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-एलसीगेट-06नं.-26, दिनांक 10.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलसीगेट-06नं.-26 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीखः 06.07.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के 10000 से अधिक टीवीयू वाले एलसी गेटों-06 गेटों का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 8,56,40,836.80; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 17,12,800; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **समापन अवधिः** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 22.06.2026। (HWH-149/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# दूधमी में नल-जल योजना की स्थिति बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड के सूही पंचायत के वार्ड सं-चार स्थित दुधमी गांव में पेयजल संकट गंभीर हो गया है। भीषण गर्मी के बीच करीब एक माह से नल-जल योजना बंद है। ऐसे में ग्रामीणों के सामने पानी की समस्या है। भू-जल स्तर खिसकने से चापाकल और कुआं बेकार हो गया है। गर्मी से बचाव के लिए पानी आवश्यक है। पशुओं को पीने से लेकर स्नान कराने के लिए पानी जरूरत है। अब स्थिति यह है कि ग्रामीण पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। सरकार द्वारा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से वार्ड स्तर पर नल-जल एवं पंप हाउस की व्यवस्था की गई है। पेयजल संकट न हो इसके लिए विशेष योजनाओं चलाई जा रही है। नल-जल योजना ठप रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना होने के बावजूद भी पीएचइडी विभाग के अधिकारी गांव में देखने तक नहीं जाते हैं।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

(जिला आपदा प्रबंधन शाखा)

**अल्पकालीन पूर्ननिविदा**

निविदा संख्या–03/2026–27

वर्ष–2026 में संभावित बाढ़/सुखाड़ के समय प्रभावित परिवारों एवं विस्थापित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वस्तुओं की आवश्यकता पर्याप्त मात्रा में होगी, इस हेतु सामग्रियों जिसकी पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार अंकित है, उनके दर निर्धारिता एवं आपूर्ति के लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से एतद् द्वारा सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

उल्लेखनीय है कि अल्पकालीन निविदा संख्या–01/2026–27 एवं निविदा संख्या–02/2026–27 पूर्व में आमंत्रित की गई थी जिसकी अंकित तिथि–29.05.2026 निर्धारित थी। दिनांक–15.05.2026 को नवबिहार टाइम्स, पेपर, औरंगाबाद में सूचना प्रकाशित की गई थी लेकिन एक भी निविदादाताओं द्वारा निविदा दाखिल नहीं किए जाने की स्थिति में अल्पकालीन पुर्न निविदा संख्या–03/2026–27 प्रकाशित की जा रही है। निविदा संख्या–02/2026–27 का PR No-003162 (Disaster) 2026-27

निविदादाताओं को मो0–20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र निविदा डालने हेतु जमानत की राशि किसी अनुसूचित बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो तथा निविदा दस्तावेज हाथो–हाथ या डाक के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में जमा करना होगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–23.06.2026 के अप0–03:00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अप0–03:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें स्वयं निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

विशेष जानकारी के लिये जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद से सम्पर्क कर सकते है एवं विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट aurangabad.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 005587 (Disaster) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Pawan Singh | SDJM, DEHRI अकोढ़ी गोला थाना, क्र. संख्या–110/24 Pending | U/S&188 IPC AND 127 R-P- ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ विक्रमगंज थाना क्र.. सं.–237/24 Pending | U/S&188 IPC AND 127 R.P. ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ काराकाट थाना, क्र. संख्या–216/24 Pending | U/S-143, 188, 171-F IPC AND 127 RP ACT | Not Applicable | Not Applicable |
| 4. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ राजपुर थाना, क्र. संख्या–56/2024 Pending | U/S-188 IPC AND 127 RP ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | Do | Do | जज सिटी सिविल कोर्ट एवं ए.डी.जे. मुंबई मालवानी पुलिस स्टेशन, मुंबई, थाना क्र. संख्या–630/2019 Pending | U/S-376(2)(N),341, 323,506, 509, 312, 315 IPC R/W SECTION 66A, 66E,67 IT ACT | Not Applicable | Not Applicable |
| 6. | Do | Do | Court of Sessions Judge,Court No- 1, Varanasi कैण्ट थाना, वाराणसी Case No- 490/2025 Pending | U/S 420, 406, 467,468, 506 IPC | Not Applicable | Not Applicable |

# किसानों को समय से मिलेंगी खाद व बीज : एसडीओ

## प्रखंड सभागार में खरीफ महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बखरी।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को खरीफ महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी सनी कुमार सौरभ, विधायक प्रतिनिधि, गन्ना उद्योग मंत्री के प्रतिनिधि, लोजपा (रा.) प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, जिला परिषद सदस्य अमित कुमार देव, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रशांत कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सोभित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, बीपीआरओ सोनू, बीटीएम विजय कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार, जिला पार्षद सदस्य घनश्याम राय, उपप्रमुख प्रतिनिधि बलराम सिंह कुशवाह तथा आत्मा अध्यक्ष घूरन महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सनी कुमार सौरभ ने कहा कि खरीफ मौसम में किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा बीज और खाद की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। जिला परिषद सदस्य अमित कुमार देव ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए। उन्होंने बीज वितरण में कालाबाजारी की शिकायतों का उल्लेख करते हुए कहा कि विभाग को इस पर विशेष निगरानी रखनी चाहिए। साथ ही सुझाव दिया कि प्रत्येक पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर बीज वितरण किया जाए अथवा प्रखंड कृषि कार्यालय के माध्यम से सीधे किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाए। लोजपा (रा.) प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान ने कृषि सलाहकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि किसानों तक समय पर सही जानकारी पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने किसानों से रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से बचने तथा जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से भूमि की उर्वरता बनी रहती है और फसलों की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।महोत्सव के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को धान सहित अन्य खरीफ फसलों की उन्नत खेती, बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, जवाहर राय, विनय कुमार, लोजपा (रा.) प्रखंड उपाध्यक्ष अमरजीत महतो, संजीत यादव, सिकंदर महतो सहित बड़ी संख्या में किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भूमि विवाद के समाधान को आपसी बंटवारा जरूरी : बीपीआरओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के ग्राम कचहरी के सरपंच, न्याय मित्र एवं कचहरी सचिवों की बैठक गुरुवार को ई-किसान भवन सभागार, नावकोठी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीपीआरओ जितेंद्र कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए बीपीआरओ श्री कुमार ने कहा कि भूमि विवाद को कम करने के लिए पूर्वजों के नाम दर्ज जमीन का आपसी सहमति के आधार पर बंटवारा कराना आवश्यक है। इसके लिए वंशावली तैयार कर सरपंच से सत्यापन कराना जरूरी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को आपसी बंटवारा कराकर जमीन अपने नाम से दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपसी बंटवारा होने के बाद किसानों का फार्मर आईडी निर्माण आसान हो जाएगा। फार्मर आईडी बनने के बाद किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्रीकरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी तथा उन्हें कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। बैठक में उपस्थित कचहरी सचिवों ने बताया कि ग्रामीणों में इस संबंध में अभी पर्याप्त जागरूकता नहीं है। कई बार अनुरोध किए जाने के बावजूद लोग आपसी बंटवारे के लिए ग्राम कचहरी में आवेदन नहीं दे रहे हैं। इस पर सभी पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार, सरपंच बाबू साहेब कुंवर, सारो देवी, शांति देवी, अर्जुन पासवान, रामनंदन महतो, कचहरी सचिव मनीषा कुमारी, लक्की कुमारी, माला कुमारी, संगीता कुमारी, मो. रहमत, राम उदगार महतो, कौशल किशोर महतो, न्याय मित्र कौशल किशोर ठाकुर, बबली कुमारी, श्वेता मिश्रा, राज कुमार, राधा कुमारी, पंचायत सचिव चंदन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शराब कारोबारी गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया थाना पुलिस ने बलिया नगर पालिका क्षेत्र के बलिया बजार चकमख्खन टोला वार्ड 12 से गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को दस लीटर शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान संजय चौधरी के पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपित काफी दिनों से शराब के अवैध धंधा से जुड़ा हुआ था। पुलिस का कहना है कि शराब कारोबारी के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## आंधी व बारिश ने किया जनजीवन अस्त व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### लोगों को मिली राहत

**नावकोठी।** गुरुवार की सुबह हुई तेज आंधी और बारिश से राहत तो मिली, लेकिन इसके साथ ही जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़क पर गिर गईं, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। वहीं बिजली के तारों और पोलों को नुकसान पहुंचने से क्षेत्र के कई गांवों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। गुरुवार सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिससे लोगों को उमस और भीषण गर्मी से राहत मिली। हालांकि आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर बिजली के तार आपस में टकराने लगे तथा कुछ जगहों पर तार टूटने की भी सूचना मिली। इसके कारण नावकोठी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बारिश के दौरान लोग अपने-अपने घरों और दुकानों में दुबकने को मजबूर हो गए। सुबह के समय बाजार आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची सड़कों पर जलजमाव होने से आवागमन प्रभावित हुआ। किसानों ने बताया कि बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे खरीफ फसलों की तैयारी में मदद मिलेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू से लोग परेशान थे। गुरुवार की बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। लेकिन बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को कुछ परेशानी भी झेलनी पड़ी। विद्युत विभाग के कर्मी बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटे रहे। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली है।

## प्राख्यात चिकित्सक डा. एसके लाल का निधन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के चिकित्सा जगत के प्रख्यात जनरल फिजिशियन डॉक्टर एस के लाल के असामयिक निधन गुरुवार को हो गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एस के लाल जिले के सबसे से पुराने एवं प्रसिद्ध चिकित्सक थे। उनके निधन से चिकित्सा जगत एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।डॉक्टर एस के लाल मृदुभाषी एवं सामाजिक सरोकार से हमेशा जुड़े हुए रहते थे। डॉक्टर लाल अपने पीछे दो पुत्र डॉ. राकेश लाल एवं डॉ राजीव लाल एवं तीन पुत्री सहित भरा पुरा परिवार को छोड़ कर स्वर्गवास किए हैं।डॉ राजीव लाल नेत्र रोग विशेषज्ञ बेगूसराय चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं द्य डॉ लाल के प्रति अभाकाम के जिला सहायक सचिव अखिलेश कुमार, आलोक रंजन सिन्हा, संगठन सचिव राकेश कुमार, त्रिभुवन नारायण सिन्हा आदि ने अपनी अपनी श्रद्धांजलि

## पत्नी की हत्या करने का आरोपित पति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा ।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के दधपा गांव में विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दधपा गांव निवासी सनोज मेहता पर अपनी पत्नी अंजली कुमारी की हत्या करने का आरोप है। विदित हो कि बुधवार को घरेलू विवाद के दौरान सनोज मेहता ने लोहे की रॉड से पत्नी के सिर पर वार कर दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करने तथा हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मामले में नामजद अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## डीएवी में तीन दिवसीय क्षमतावर्द्धन कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरौनी।** डीएवी सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल एनएच-28, बरौनी में तीन दिवसीय क्षमतावर्द्धन कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। यह कार्यशाला 11 से 13 जून तक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का उद्घाटन डीएवी पब्लिक स्कूल एनएच-28, बरौनी के प्राचार्य सर्वेश्वर भुजबाला, डीएवी पब्लिक स्कूल, बखरी के प्राचार्य प्रशांत कुमार सिंह तथा डीएवी पब्लिक स्कूल, शेखपुरा की प्राचार्या एवं क्लस्टर हेड सुधा झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। इस कार्यशाला में बिहार जोन सी के विभिन्न विद्यालयों जिनमें डीएवी पब्लिक स्कूल लखीसराय, शेखपुरा, जमालपुर, हवेली खड़गपुर, हरख, मुंगेर, इटवा नगर (बेगूसराय), एनएच-28 बरौनी सहित कुल नौ विद्यालयों के 182 शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में सामाजिक विज्ञान (प्राथमिक, मध्य एवं माध्यमिक), हिंदी (प्राथमिक, मध्य एवं माध्यमिक), संस्कृत (मध्य एवं माध्यमिक) तथा वाणिज्य/अर्थशास्त्र (उच्च माध्यमिक) विषयों पर दिल्ली से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य सर्वेश्वर भुजबाला ने सभी मास्टर ट्रेनरों एवं प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वागत करते हुए कहा कि डीएवी संस्था प्रत्येक वर्ष दो चरणों में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिक्षा व्यवस्था के रूपांतरण हेतु प्रशिक्षण को सबसे महत्वपूर्ण आधार माना गया है। इसका उद्देश्य केवल साक्षरता बढ़ाना नहीं, बल्कि कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना तथा शिक्षकों का निरंतर व्यावसायिक विकास सुनिश्चित करना है, जिससे विद्यार्थी 21वीं सदी की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। क्लस्टर हेड सुधा झा ने अपने संबोधन में कहा कि जब शिक्षक समुचित रूप से प्रशिक्षित होते हैं, तो वे अपनी भूमिकाओं का निर्वहन अधिक आत्मविश्वास एवं प्रभावशीलता के साथ करते हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया पर पड़ता है। डीएवी पब्लिक स्कूल, बखरी के प्राचार्य प्रशांत कुमार सिंह ने भी कार्यशाला को संबोधित करते हुए शिक्षकों को निरंतर सीखने और स्वयं को अद्यतन रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र कुमार, प्रीति कुमारी, बबीता कुमारी, विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा, ज्ञान शरण, अंबुज कुमार, बबलू कुमार, दिलीप कुमार सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/619, दिनांक 10.06.2026;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: डीएसटीई/सिग/टी/04/26-27/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** सियालदह मंडल के तहत केओएए-सर्कुलर-एमआईटी-केबीजीबी अनुभाग में पैच मरम्मत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 80,82,877.32; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 1,61,700; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 9 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीखः** 23.06.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीखः** 07.07.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीखः** 07.07.2026 को 14.30 बजे। **विस्तृत विवरणः** www.ireps.gov.in **पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंडः** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिएः (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंडः** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेजः** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्यः** इस निविदा कार्य के लिए डाटा लॉगर अथवा आरटीयू अथवा कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्यों की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना, जिसमें ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचए-एसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग कार्य शामिल हो। **टिप्पणीः** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।
(SDAH-77/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: सिग _डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 09.06.2026;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_09_ओटी; कार्य का नामः** मालदा मंडल के तहत मानवयुक्त नॉन-इंटरलॉक्ड एलसी गेट के लिए सीसीटीवी कैमरा का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 2,08,20,686.64। **बयाना राशिः** रु. 4,16,400। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** 17.06.2026 से 01.07.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्टः** वेबसाइट **www.ireps.gov.in,** सूचना पट्टः सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। (MLD-84/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएनजीजी-03/26-27 (खुली), दिनांक 09.06.2026 (कैपिटल निविदा);** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कंचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन 743145 (प.बं.) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए विशेषकर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में अतीत में समतुल्य प्रकृति के कार्य निष्पादन करने का समुचित अनुभव तथा वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **क्रम सं. 1, निविदा सं. : डब्ल्यूटी-05-26-27, कार्य का विवरणः** केपीएडब्ल्यू में - लोको एवं कैरेज कॉमप्लेक्स के विभिन्न स्थानों पर कर्मियों के लिए विश्रामालय/महिला कॉमन रूम के प्रावधान के लिए नवीनीकरण कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 1,90,06,133.31। **बयाना राशिः** रु. 3,80,100। **क्रम सं. 2, निविदा सं. : डब्ल्यूटी-06-26-27, कार्य का विवरण :** केपीएडब्ल्यू में - शॉप सं. 15 एवं 26 कैरेज कॉमप्लेक्स, कांचरापाड़ा वर्कशॉप में सेंटर ऑफ एक्सेलेंस का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 1,66,03,921.89। **बयाना राशिः** रु. 3,32,100। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक के लिए शून्य। **पीओ के जारी किए जाने की तारीख से समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **निविदा खुलने की तारीखः** 03.07.2026। कार्य का दायरा सांकेतिक मात्र है। हालांकि, विस्तृत विवरण भारतीय रेल की ई-टेंडरिंग साइट (आईआरईपीएस) **https://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदा दिनांक 03.07.2026 को 14.00 बजे बंद कर दी जाएगी एवं निविदा उसी दिन अपराह्न 14.30 बजे के उपरांत खोलने वाले कर्मियों एवं नेट की उपलब्धता के अनुसार किसी भी समय खोली जाएगी।
(MISC-71/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## डिहरा में सड़क पर बह रहा नाली का पानी

**ओबरा।** प्रखंड के डिहरा गांव स्थित वार्ड संख्या 13 में नालियों की सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मोहल्ले में जगह-जगह पानी जमा हो गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के खिरहिरी गांव में विवाहिता की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने की नियत से शव जलाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मृतका सुनीता कुमारी के पिता दाउदनगर थाना क्षेत्र के तरार गांव निवासी देव प्रसाद राम ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें मृतका के पति मुन्ना राम, सास अनिता देवी, ससुर मिथिलेश दास सहित सात लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। प्राथमिकी में उलेख्य किया है कि उनक लड़की सुनीता कुमारी गया में रहकर पढ़ती थी। वहां पर मुन्ना कुमार भी रहता था। दोनों एक दूसरे से प्रेम करने लगे। जब उनकी लड़की गर्भवती हो गई तो मुन्ना कुमार ने बोला कि बच्चा का पिता मैं हूं। मैं अपने घर सुनीता कुमारी को शादी कर रखूंगा। इसके बाद वह शादी कर उसे अपने घर ले गया। चार महीने पूर्व सुनीता कुमारी ने एक लड़की को जन्म दिया। इसी बीच सभी आरोपित मिलकर बराबर उनकी लड़की को दहेज को लेकर मारपीट तथा प्रताड़ित करते रहते थे। कई बार समझौता करने का प्रयास भी किया गया लेकिन सोना का चैन एवं सात लाख रुपये की मांग करते रहता था। 10 जून बुधवार को मुन्ना कुमार ने फोन कर सूचना दी कि आपकी लड़की सुनीता कुमारी की तबीयत खराब है। जब मैंने पता किया तो पता चला कि उसकी हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए शव को जला दिया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार एवं एसआई पप्पू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## डिग्री कॉलेज शुरू होने से छात्रों और ग्रामीणों में उत्साह, एक जुलाई से होगी पढ़ाई की शुरुआत

**ओबरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करसावा में एक जुलाई से डिग्री कॉलेज का अस्थायी संचालन शुरू होगा। डिग्री कॉलेज की स्थापना से छात्रों और ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। अब तक स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को औरंगाबाद जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें अपने क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। फिलहाल डिग्री कॉलेज का संचालन अस्थायी रूप से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करसावा के भवन में किया जाएगा। भविष्य में भूमि उपलब्ध होने के बाद कॉलेज के लिए अलग भवन का निर्माण कराया जाएगा। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार ने कॉलेज संचालन के लिए भवन की जिम्मेदारी नव नियुक्त प्राचार्य आकाश कुमार को सौंप दी है। श्रवण कुमार ने बताया कि विद्यालय के शेष भवनों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूर्व की तरह सुचारु रूप से संचालित होगी। उन्होंने कहा कि दाउदनगर कॉलेज के हिंदी विभाग के प्राध्यापक आकाश कुमार को डिग्री कॉलेज का प्राचार्य बनाया गया है। प्राचार्य आकाश कुमार ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय के अधीन ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने इच्छुक विद्यार्थियों से समय पर ऑनलाइन आवेदन कर नामांकन कराने की अपील की है। ओबरा प्रखंड में अब तक कोई डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को उच्च शिक्षा के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। डिग्री कॉलेज शुरू होने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। इससे न केवल ओबरा प्रखंड, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/06 दिनांक- 11.06.2026**

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

**[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)] परीक्षाफल से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE / PM / PMM)]-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.05.2026 एवं 24.05.2026 को आयोजित डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE / PM / PMM)]-2026 के पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट **bceceboard.bihar.gov.in** पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of DCECE (PE / PM / PMM)-2026" Link पर Click करें । तत्पश्चात् एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों का Rank Card Download करने हेतु अलग-अलग निम्नलिखित link हैं;

- View / Download Rank card of DCECE(PE)-2026
- View / Download Rank card of DCECE(PM)-2026
- View / Download Rank card of DCECE(PMM)-2026 प्रदर्शित होगा।

अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम समूह के अनुसार उपरोक्त संबंधित link पर click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।

3. DCECE (PE / PM / PMM )-2026 की Online Counselling कार्यक्रम की सूचना पर्षद के वेबसाईट पर बाद में प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक


## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार को मिले ...

निवेश आकर्षित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल का जल कार्यक्रम के तहत राज्य ने जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है, लेकिन केंद्रांश की राशि प्राप्त नहीं हो सकी। उन्होंने इस मद में खर्च की गई राशि के लिए 13 हजार करोड़ रुपये तथा वर्तमान योजनाओं के लिए 5 हजार करोड़ रुपये, कुल 18 हजार करोड़ रुपये की विशेष सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में पूरी प्रतिबद्धता के साथ योगदान देगा और राज्य सरकार समृद्ध बिहार के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

### मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ...

विभिन्न शहरों के रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के छोटे-बड़े 200 रेलवे स्टेशनों के विकास और 46 का काम चल रहा है। इनमें से 85 बड़े स्टेशन हैं, जिन्हें भव्य रूप से पुर्न विकसित किया जा रहा है। ये स्टेशन जल्द ही तैयार हो जाएंगें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में 10 मल्टी मॉडल कॉर्गो टर्मिनल भी तैयार हो चुके हैं, वहीं 6 अन्य मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का काम चल रहा है जबकि 8 और टर्मिनल की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि कई नई रेल लाईनों की डबलिंग की जा रही हैं, वहीं कुछ स्थानों पर गेज परिवर्तन भी हो रहे है। कोविड के बाद 46 नई रेल सेवाएं शुरू की गई है। श्री वैष्णव ने प्रसार भारती के युवा अधिकारियों के साथ संवाद भी किया। कार्यक्रम को प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने भी संबोधित किया। उन्होंने आकाशवाणी और दूरदर्शन जैसी संस्थाओं के लिए कहा कि ये जड़ों से गहराई से जुड़ी हुई आवश्यक सेवाएं हैं। ये वस्तुस्थिति को समाज में व्यापक रूप तक पहुंचाती है। इसके बाद श्री वैष्णव एमएनआईटी पहुंचे। जहां उन्होंने तीन मैकर्स लैब, एआई, सेमीकंडक्टर और क्वांटम प्रयोगशाला का धर्मेश शुभारंभ किया। आकाशवाणी जयपुर परिसर में इस समारोह से जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल वर्चुअल रूप से जुड़े। इस अवसर पर जयपुर में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जयपुर सांसद मंजू शर्मा और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन भी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/रफीगंज।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के कामा बिगमा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बुधवार की देर रात एक फल विक्रेता की मौत हो गई है। मृतक की पहचान कामा बिगहा निवासी 64 वर्षीय कारू साव के रूप में की गई है। वे औरंगाबाद शहर में जामुन बेचने गए थे। देर रात वे घर लौट रहे थे। इसी दौरान किसी वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार ऑन स्पॉट कारू की मौत हुई है। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें सदर अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी करा परिजनों को सौंप दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा फरार वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार कराने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चालक की पहचान हो जाएगी। वहीं जम्होर थाना क्षेत्र के बरौली बिगहा गांव में गुरुवार की दोपहर ट्रैक्टर की चपेट में आने से पांच वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान गांव के ही शंभू कुमार के पुत्र सुबोध के रूप में की गई है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक की जमकर पिटाई कर दी और उसे बंधक बना लिया। चालक की पहचान कुरमाईन गांव निवासी जयराम के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम एवं थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव तथा मारपीट में घायल हुए चालक को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की लेकिन ग्रामीण उग्र हो गए और पुलिस पदाधिकारियों के साथ तीखी बहस भी की। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बच्चे के शव को सड़क पर रख प्रदर्शन किया। घंटो प्रयास के बाद आक्रोशितों को समझा-बुझाकर शांत करवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक मासूम की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। रफीगंज संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र सिथत बस स्टैंड के समीप देर रात तेज रफ्तार बाइक स्कॉर्पियो में टकरा गई जिसमें एसबीआई के एटीएम सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि कार चालक गाड़ी घुमा रहा है, इतने में पीछे से एक बाइक सवार स्कॉर्पियो से टकरा जाता है। टक्कर इतनी जोरदार की थी कि बाइक सवार हवा में उछल कर थोड़ी दूर पर गिरा और उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के भटकुराह गांव निवासी 38 वर्षीय उमेश यादव के रूप में की गई है। वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ रफीगंज स्थित आरबीआर हाई स्कूल किराए के मकान में रहते थे। परिजनों के अनुसार उमेश यादव बुधवार की रात अपने घर से बुआ के घर कासमा जाने के लिए निकले थे। रफीगंज बस स्टैंड के पास एक होटल से कुछ लोग पार्टी कर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार मोड़ने के दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया और बाइक सवार उमेश उसकी चपेट में आ गए। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना रफीगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान होने के बाद परिजनों को भी सूचना दी गई, जिसके बाद परिवार के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों का दावा है कि कार सवार नशे में थे और तेज गति से कार को मोड़ रहे थे। इस दौरान हादसा हुआ। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार और उसमें सवार लोगों की पहचान की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# बूथ कमेटियों का गठन करेगा भाजपा ओबीसी मोर्चा : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा है कि प्रत्येक बूथ के लिए कमेटी का गठन किया जायेगा। इन कमिटियों में अति पिछड़ा के साथ पिछड़ा और दलित भी शामिल होंगे। कहा कि प्रत्येक बूथ पर इस समूह की अच्छी खासी संख्या है। श्री चंद्रवंशी दाउदनगर स्थित दुर्गा क्लब में गुरुवार को आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि बूथ कमेटियों के लिए वह पंचायत से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक प्रवास करेंगे। कहा कि 60 से 62 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है जिसका नेतृत्व करने की जिम्मेदारी भाजपा ने उन्हें सौंपी है। इसमें सफलता तभी मिलेगी जब तमाम लोग उनके साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आरक्षण और समाजवाद पर लालू प्रसाद यादव को घेरा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रवंशी चेतना परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रामानंद चंद्रवंशी ने एवं संचालन जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी व नगर अध्यक्ष श्याम पाठक ने किया। कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता के हुए '12 साल बेमिसाल कार्यक्रम' को सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण से संबंधित सभी तरह के कार्य प्रणाली को धरातल पर उतारने की जरूरत है। कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, डिजिटल परिवर्तन, गरीब कल्याण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने हेतु पार्टी कार्यकर्ता जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर अजय कुशवाहा, भाजपा जिला महामंत्री टैगोर, मण्डल अध्यक्ष संजय शर्मा, रंजन वर्मा, चंद्रवंशी चेतना परिषद के अभय चंद्रवंशी सत्येंद्र चंद्रवंशी, विजय पासवान, सुनील शर्मा, सुभाष चंद्रवंशी, मंगल चंद्रवंशी विजय चंद्रवंशी, बेलवां के मुखिया प्रदीप चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद सोनी देवी, बेबी देवी व अन्य शामिल हुए।

# विशेष अभियान के तहत 45 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 17 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में चार, दहेज़ हत्या में एक, हत्या प्रयास में 18, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 14 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 60 लीटर देसी एवं 4.11 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1197 वाहनों की जांच की गई जिसमें 52000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 23 वारंट एवं चार कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पूर्व सांसद की मांग पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

## सड़क और सिंचाई परियोजनाओं पर कार्रवाई के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क एवं सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की गई मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग-139 के चार लेन निर्माण, बिहार-झारखंड की अंतरराज्यीय बटाने जलाशय परियोजना तथा औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत परैया से टिकारी, हिच्छापुर और गुरुआ होते हुए दरियापुर (शेरघाटी-चेरकी पथ) तक सड़क निर्माण कार्यों को गति देने की मांग रखी थी। इसके अलावा राज्य राजमार्ग-101 के मदनपुर से गया तक सड़क को दो लेन में विस्तारित करने का मुद्दा भी उठाया गया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय के उप सचिव कुमार बृजेश ने पथ निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के सचिवों को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि पूर्व सांसद द्वारा इन विषयों पर आवेदन प्राप्त हुआ है। पत्र में संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि उठाए गए मुद्दों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा लिए गए निर्णय और की गई कार्रवाई की जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय और पूर्व सांसद को उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद इन परियोजनाओं के शीघ्र आगे बढ़ने की उम्मीद बढ़ गई है। बताया जाता है कि सुशील कुमार सिंह क्षेत्र के किसानों और आम लोगों से जुड़े विकास कार्यों को लेकर लगातार प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि लंबे समय से लंबित इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जल्द पूरा कराया जाए ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क संपर्क, सिंचाई सुविधा और विकास का लाभ मिल सके।

# दहेज़ उत्पीड़न मामले में पति समेत तीन को सश्रम कारावास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में एसडीजेएम अनीस कुमार ने महिला थाना में दर्ज एक मामले में निर्णय पर सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि जम्होर के रहने वाली सूचिका के पति अजीत कुमार, सास उर्मिला देवी एवं ससुर योगेन्द्र सिंह को भादंवि धारा -498 ए में दो साल के साधारण कारावास और पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया है। वहीं दहेज़ प्रतिषेध अधिनियम धारा -4 में नौ महीने की सजा और एक हजार रूपये जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन की ओर से घटना के समर्थन में पांच गवाही हुई थी। शिकायतकर्ता और अन्य गवाहों की गवाही ने उल्लेखित घटना को न्यायालय में पुष्टि कराने में सफल रही।

# आग लगने से लाखों की संपत्ति राख

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत एरकी कला पंचायत के तेलडीहा टोले मुरलीगंज गांव में गुरुवार की सुबह खाना बनाने के दौरान लगी आग ने दो परिवारों की खुशियां छीन ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर दो घरों को जलाकर राख कर दिया। अगिनकांड में नकदी, अनाज, कपड़ा और अन्य घरेलू सामान सहित लाखों रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार राकेश रिकियासन की घर में जलावन से चूल्हे पर खाना बन रहा था। इसी क्रम में चूल्हे से निकली चिंगारी पास में रखे जलावन में लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गया। घर में रहे परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पड़ोस में स्थित राजेश रिकियासन के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने अपनी जान की परवाह किए बिना आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

